

# लिटिल लॉवर्स स्कूल में छात्रों के उज्जवल भविष्य की पहल, शुरू हुई फाउंडेशन टेस्ट सीरीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को लिटिल लॉवर्स स्कूल सुरेंद्रनगर कटरा में शिक्षा नवाचार और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज का शुभारंभ किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया । परीक्षा समाप्ति के पश्चात परीक्षा कक्ष से बाहर निकलते समय छात्र–छात्राओं के अंदर उत्साह व उनके चेहरे पर मुस्कान झलक रही थी । परीक्षा के पश्चात संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि इस परीक्षा से हम लोगों को एक नई दिशा मिलेगी जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हमारा मार्ग प्रशस्त होगा ।सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुमधुर फाउंडेशन का उद्देश्य सभी छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है क्योंकि, आज प्रतियोगी परीक्षाओं का ही दौर चल रहा है ।इस टेस्ट सीरीज की विशेषताओं के बारे में बताते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अपर्णा सिंह ने बताया कि यह टेस्ट सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं पर आधारित होगी जो विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए महीने में दो बार निशुल्क प्रदान की जाएगी । अब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एन . टी.एस.ई. ,जे.ई.ई. ,नीट इत्यादि की तैयारी के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा । विद्यालय में बच्चों के लिए एकेडमिक के साथ–साथ फाउंडेशन की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी और समय–समय पर उनका मार्गदर्शन करते हुए टेस्ट सीरीज के माध्यम से उनकी योग्यताओं का मूल्यांकन किया जाएगा तथा रैंक निकालकर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्.त किया जाएगा । जिससे वह अपनी कमियों को सुधार कर भविष्य मैं सफलता की ओर आगे बढ़ सके ।सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के निर्देशक राहुल सिंह ने कहा कि 'मेरा यह सपना है कि मैं समाज में उन बच्चों के लिए कुछ ऐसा करूं जिससे जो बच्चे कक्षा दसवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे – एन .टी.एस.ई.,नीट.,जेई.की तैयारी के लिए शहर छोड़ कर बाहर चले जाते हैं तथा उनके अभिभावकों को भारी भरकम शुल्क जमा करना पड़ता है और परिणाम भी अपेक्षित नहीं आते ऐसे में सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के माध्यम से बच्चो को भविष्यगत परीक्षाओं का ज्ञान हो,वे प्रश्न पत्रों को सुगमता से समझे और भविष्य में लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें । यही हमारा उद्देश्य है कि शहर के छात्र–छात्राओं के पलायन को रोका जाए ,उन्हें सही मार्गदर्शन कराया जाए और उनके माता–पिता के सपनों को साकार किया जाए । कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में मजबूत नीव ही सफलता की कुंजी है। सुमधुर फाउंडेशन सीरीज विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्रित तैयारी ही नहीं बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी सहायता प्रदान करेगी। इस श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम पाठ्यक्रम अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा तकनीकी आधारित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि लिटिल लावर एक ऐसा संस्थान है जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है । यह विद्यालय बस्ती के टॉप स्कूलों में से एक है। विद्यालय अपनी आधुनिक सुविधाओं, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण अभिभावकों की पहली पसंद बनता जा रहा हैइस अवसर पर राजमणि वर्मा , वैभव पाण्डेय ,आनंद आर्या, मधु सिंह, प्रीति अस्थाना, ,साक्षी पांडे ,शशि पांडे, अर्पिता सिंह, श्रद्धा सिंह ,रितिकेश, प्रवेश , आनंद आर्या, अभिषेक, अनूप बरनवाल, तपन घोष, संध्या तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे!





# मातृ दिवस पर स्नेह, सम्मान और उत्साह का सुंदर संगम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती ।दिल्ली पब्लिक सीनियर स्कूल एवं यूरो किड्स, पचपेड़िया रोड ब्रांच में 9 मई को मदर्स डे सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमर मणि पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनका प्रेम, त्याग एवं समर्थन सदैव प्रेरणादायी रहता है। उन्होंने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिन मातृत्व के सम्मान और .तज्ञता को व्यक्त करने का अवसर है ।विद्यालय की प्रिंसिपल अर्चना पांडेय ने उपस्थित माताओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से यह आयोजन माताओं के प्रति सम्मान और स्नेह का एक छोटा सा प्रयास है ।एकेडमिक इंचार्ज दिव्या पाठक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित माताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं वाइस प्रिंसिपल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि मातृत्व प्रेम, त्याग और संस्कार का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन परिवार और विद्यालय के रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं ।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मदर्स डे गेम प्रतियोगिता में माताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में दीपा ने प्रथम तथा आ. ति सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता माताओं को सम्मानित एवं पुरस्.त किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती नीलम चौधरी, लक्ष्मी वर्मा, रिचिका सिंह, संजू सिंह, आराध्या सिंह, आकांक्षा मिश्रा, अभिषेक वर्मा, अयाज अहमद, अभिनव प्रजापति, आफताब शेख, नंदिनी गाडिया, प्रिया पांडे, रश्मि शुक्ला एवं प्रीति मिश्रा का विशेष योगदान रहा ।अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा आशा व्यक्त की गई कि यह आयोजन सभी के लिए सदैव यादगार बना रहेगा।




# सूरज अध्यक्ष, अमित महामंत्री घोषित,विश्व हिन्दू महासंघ का विस्तार, परसरामपुर ब्लाक पदाधिकारी घोषित





दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में मखौड़ा धाम के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू हितों की रक्षा के लिये रचनात्मक कार्यो के साथ ही महासंघ पदाधिकारियों का विस्तार किया गया। बैठक में सर्व सम्मत से परसरामपुर ब्लाक इकाई का गठन किया गया। इसमें संयोजक सुनील कुमार गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, महामंत्री अमित श्रीवास्तव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय, मंत्री– करन सिंह चौहान, अनुज सोनकर, अतुल गुप्ता , प्रभारी दीपक गुप्ता, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, ब्लॉक संयोजक राम सजन मौर्या, तहसील अध्यक्ष साहब पाठक, ब्लॉक कार्यकारणी में अभिषेक गुप्ता को दायित्व सौंपा गया ।महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही उन्हें दायित्वों, कर्तव्यों के बारे में जानकारी दिया ।इस अवसर पर विजय कुमार शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, अर्पण श्रीवास्तव जिला महामंत्री के साथ ही महेश हिंदुस्तानी, परमानन्द गुप्ता, विकास प्रजापति, उज्जवल सिंह, संदीप कमला पूरी, राहुल कमला पूरी, दीपक सोनी, अभिषेक आर्य, सतीश पांडेय, अभिषेक सिंह, शिवम मिश्रा, पवन सिंह, सुरेन्द यादव, उपेंद्र सिंह, अजय शास्त्री, सौरभ गुप्ता, सूरज कौशल, दीप चंद्र कन्नौजिया, सुमित गुप्ता, अंकित सिंह, अजय दुबे, तेजस्व त्रिपाठी, विशाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

# खलीलाबाद में सुभासपा की सामाजिक समरसता महारैली में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा खलीलाबाद स्थित जूनियर हाई स्कूल मैदान में आयोजित 'सामाजिक समरसता महारैली' में रविवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पीले झंडों और नारों से गूंजते मैदान में पार्टी की बढ़ती राजनीतिक ताकत साफ दिखाई दी ।महारैली का मुख्य आकर्षण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का वर्चुअल संबोधन रहा। उन्होंने लाइव जुड़कर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सुभासपा का गठन वंचितों, पिछड़ों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को अधिकार दिलाने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी



सामाजिक न्याय और हिस्सेदारी की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी ।रैली में मौजूद अरविंद राजभर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुभासपा के नेतृत्व में आने वाले समय में पार्टी और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी तथा रणनीति बनाकर चुनावी मैदान में उतरेगी ।अपने संबोधन में ओमप्रकाश राजभर ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता और पिछड़ों के अधिकार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जब तक दलितों, पिछड़ों और वंचितों को उनका पूरा अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक सामाजिक न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की अपील की ।रैली में क्षेत्रीय पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की भारी मौजूदगी रही।

इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान रैली प्रभारी जितेंद्र सिंह और सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय नेतृत्व ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों की पैतृक जमीन हड़पने की साजिश का खुलासा, मोहनलालगंज पुलिस ने 67 वर्षीय आरोपी को दबोचा

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के जरिए पैतृक संपत्ति हड़पने के कथित षड्यंत्र का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन पर अवैध कब्जा करने और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में दावा पेश करने के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर मुख्य आरोपी के साथ मिलकर बैंक खाते और फर्जी दस्तावेजी प्रक्रिया में सहयोग करने का आरोप है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी गहन जांच कर रही है ।पुलिस के अनुसार, 11 दिसंबर 2025 को ख्यालीगंज, थाना कैसरबाग निवासी समीर मिर्जा ने थाना मोहनलालगंज में मुकदमा संख्या 497ध्2025 दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम अमेठी, तहसील मोहनलालगंज स्थित पैतृक संपत्ति की गाटा संख्या 236, 282, 352, 655, 682, 684 और 690 समेत अन्य भूमि पर फरीद मिर्जा और उसके सहयोगियों द्वारा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध कब्जा करने और धोखाधड़ी के माध्यम से जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है ।विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि मुख्य आरोपी मोहम्मद फरीद मिर्जा ने स्वयं को वादी के दिवंगत चाचा खुसरू मिर्जा का वारिस बताकर न्यायालय में दावा प्रस्तुत किया था। जांच में उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी और कूटरचित पाए गए। पुलिस के मुताबिक यह पूरा मामला सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया ।जांच आगे बढ़ने पर मोहम्मद अशफाक मिर्जा उर्फ बाबू मियां का नाम भी सामने आया। पुलिस को जानकारी मिली कि वह मुख्य आरोपी फरीद मिर्जा का रिश्तेदार है और कथित फर्जीवाड़े में सक्रिय सहयोग कर रहा था। लगातार तलाश के बाद मोहनलालगंज पुलिस टीम ने 09 मई 2026 को शाम करीब 5रू45 बजे अकबरीगेट नख्खास चौक स्थित बाम्बे इलेक्ट्रिक्स की दुकान के पास से अशफाक मिर्जा को गिरफ्तार कर लिया ।पूछताछ में आरोपी अशफाक मिर्जा ने स्वीकार किया कि वह फरीद मिर्जा के कहने पर विभिन्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करता था। उसने यह भी बताया कि उसके नाम से बैंक खाता खुलवाया गया था और कई बैंकिंग व दस्तावेजी कार्यवाहियों में उसका इस्तेमाल किया गया। आरोपी ने यह भी माना कि वह फरीद मिर्जा और अन्य लोगों के संपर्क में रहकर न्यायालय और बैंक संबंधी कार्यो में सहयोग करता था ।पुलिस के अनुसार, इस मामले का मुख्य आरोपी मोहम्मद फरीद मिर्जा पहले से न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है, जबकि अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की गहन विवेचना की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अशफाक उर्फ बाबू मियां निवासी मौलवीगंज, थाना अमीनाबाद की उम्र करीब 67 वर्ष बताई गई है। उसके खिलाफ मोहनलालगंज थाने में दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338, 336(3) और 340(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी को मोहनलालगंज पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

# प्रतिभा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत, बेटियों को भी दें समान अवसर : ए.के. शर्मा

लखनऊ, । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। यदि विद्यार्थी दृढ़ संकल्प के साथ अध्ययन करें और अभिभावक उनका पूरा सहयोग करें, तो वे जीवन में किसी भी ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को भी बेटों के समान शिक्षा के अवसर देने की अपील करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं और परिवार के साथ–साथ समाज एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं ।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा रविवार को वर्चुअल माध्यम से जनपद मऊ के मधुबन स्थित सुभागी देवी इंटर कॉलेज, दुबारी मोड़ में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोहदृ2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकों, जनपद के नागरिकों तथा छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षादृ2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रतीक्षा पांडेय ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि गरिमा मौर्य ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं पूजा साहनी ने 95.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर जनपद में छठवां स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया ।इंटरमीडिएट परीक्षादृ2026 में अंशिका यादव ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपिका पटेल ने आठवां और महिमा विश्वकर्मा ने दसवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का युग है। यदि बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे तो वे डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, पायलट और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभा सकेंगे। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का हर बच्चा शिक्षित और सक्षम बनेगा।

ए.के. शर्मा ने कहा कि तकनीक, ऊर्जा, एविएशन, स्पेस और अन्य आधुनिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। इसलिए प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी देश और समाज के विकास में प्रभावी योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को सही दिशा और अवसर मिल जाए तो गांव–कस्बों के बच्चे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर सकते हैं।

# भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के रिकॉर्ड तोड़े, आखिरी महीनों में मंत्री क्या बदलाव करेंगे :अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब नौ वर्षों में प्रदेश सरकार जनता के लिए कोई ठोस काम नहीं कर सकी, तो अब अंतिम नौ महीनों में मंत्री क्या कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं तथा प्रदेश की जनता चारों तरफ से परेशान है ।अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और अत्याचार चरम पर है तथा पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक तरफ सरकारी बजट की लूट कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जनता की जेब काटने का काम भी कर रही है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और आम आदमी महंगाई तथा बेरोजगारी से त्रस्त है ।जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का बोझ नहीं सह पा रही हैं और लगातार गिर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की स्थिति बदहाल हो चुकी है। कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी के कारण महंगाई और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है। वृक्षारोपण अभियान को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार में वृक्षारोपण भी "भ्रष्टारोपण" साबित हुआ है ।स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकालकर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के जरिए प्रदेश की जनता को आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है और सरकार बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर लगातार बोझ डाल रही है ।नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण में घोटाला कर रही है और लोगों के हक व अधिकार छीनने का काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए अभियान से घबराई हुई है, लेकिन पीडीए समाज भाजपा की रणनीतियों को समझ चुका है और एकजुट होकर भाजपा की हर साजिश को परास्त करेगा ।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए समाज को हक, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में विकास कार्यों को गति दी जाएगी, गरीबों को मुफ्त इलाज मिलेगा और बेटियों की शिक्षा केजी से पीजी तक मुफ्त की जाएगी ।मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार में प्रदेश नेतृत्व की कोई भूमिका नहीं होती, "उधर से पर्ची आएगी और यहां सिर्फ पढ़ी जाएगी।" भाजपा शासन में मुख्यमंत्री की भूमिका पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अब "सीएम" का मतलब केवल "कूरियर एंड मैसेंजर" रह गया है। अपने बयान में उन्होंने एक फिल्म के संदर्भ में भी टिप्पणी करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि "फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर?" साथ ही उन्होंने कहा कि यदि ध्यान से फिल्म देखी जाए तो "कर्मफल" का सिद्धांत समझ में आ सकता है और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा भी मिल सकती है ।अखिलेश यादव ने कहा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो धीरे–धीरे उसके दुराचरण का कारण बनता है।

# भव्य सम्मान समारोह में शिक्षा जगत की विभूतियों का हुआ सम्मान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय स्थित लोहिया कला भवन में रविवार को आयोजित भव्य सम्मान समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े लगभग 800 सेवानिवृत्त शिक्षाधिकारी, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा विभाग से जुड़े लोग शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके अनुभव, अनुशासन और समर्पण से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र देव ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए कार्यक्रम पहले भी आयोजित होते रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में शिक्षाधिकारियों और शिक्षकों का सम्मान पहली बार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक पहल है।समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उत्ष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को शैलेश कुमार, राधेरमण त्रिपाठी, रमेश मिश्रा, रमाकांत द्विवेदी, रामबिलास यादव तथा सोमारू प्रधान ने भी संबोधित किया।सम्मानित होने वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों में शिवचंद राम, एके सिंह, रमेश, विकायल भारती, राम सिंह, गोविंद राम, डॉ. एसपी त्रिपाठी, मनोज कुमार, पारस नाथ कुशवाहा एवं मनोज कुमार अहीरवार सहित कई लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद के शीर्ष 10 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।मुख्य आयोजक एवं उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ खुनियांव के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बहादुर अंबेडकर ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।






# खेसरहा में मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा/सिद्धार्थनगर।सिद्धार्थनगर के खेसरहा थाना क्षेत्र स्थित सरयू ज्ञान इंटर कॉलेज बौडीहार में मिशन शक्ति 5 (द्वितीय चरण) के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देशन में थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा छात्राओं एवं छात्रों को महिला अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, साइबर फ्रॉड तथा डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं को पंपलेट वितरित कर महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर बिना डर के तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।विद्यालय प्रशासन ने पुलिस टीम के इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे छात्र–छात्राओं के लिए उपयोगी बताया।



# ग्रामीणों से आंख–मिचौली करती पोल पर लगी लाइटें

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।शोहरतगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मडवा के टोला नहरी में बिजली के पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटें ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। गांव में लगी कुछ लाइटें सही ढंग से कार्य नहीं कर रहीं, जिससे रात के समय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाइटें कभी जलती हैं तो कभी बुझ जाती हैं, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है।यह मामला बीते शनिवार देर रात उस समय चर्चा में आया, जब नहरी गांव निवासी प्यारी देवी पत्नी स्वर्गीय चौतू निषाद (लगभग 92 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। ग्रामीणों के अनुसार उस दौरान भी पोलों पर लगी लाइटें आंख–मिचौली करती नजर आईं। मृतका के घर तक पहुंचने में लोगों और पुलिसकर्मियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अंधेरा अधिक होने के कारण लोग मोबाइल फोन की टॉर्च जलाकर किसी तरह रास्ता तय करते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय गांव की गलियों में पर्याप्त रोशनी न होने से दुर्घटना और अन्य घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने जल्द से जल्द खराब लाइटों को ठीक कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव अजय भारतीय ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व गांव में स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं। मामला अब संज्ञान में आया है और खराब लाइटों को शीघ्र बदलवाने की कार्रवाई कराई जाएगी।

# उस्का बाजार में सड़क धंसने से मचा हड़कंप, ड्रिलिंग के दौरान फटी सड़क

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उस्का बाजार नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को तेतरी चौराहे के पास मुख्य मार्ग अचानक धंस गया। सड़क की ऊपरी सतह फटने के साथ नीचे से गीली मिट्टी और मलबा तेजी से बाहर निकलने लगा, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।त्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले सड़क पर हल्का कंपन महसूस हुआ, इसके बाद सड़क के एक हिस्से में दरार पड़ने लगी। देखते ही देखते सड़क फट गई और नीचे से गीली मिट्टी व मलबा बाहर आने लगा। लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गैस आपूर्ति परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। पाइपलाइन को सड़क के नीचे से निकालने के लिए आधुनिक ड्रिलिंग मशीन से भूमिगत रास्ता बनाया जा रहा था। अमृत लाल महाविद्यालय के पास पिछले तीन दिनों से ड्रिलिंग का कार्य जारी था। इसी दौरान तेतरी चौराहे के पास दबाव अधिक बनने से सड़क की सतह फट गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की घटना नहीं देखी। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते वहां मौजूद लोगों को हटाया नहीं जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के कर्मचारी और नगर पंचायत प्रशासन मौके पर पहुंच गया। सुरक्षा के मद्देनजर प्रभावित क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई। कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा, हालांकि बाद में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे भूमिगत ड्रिलिंग की जा रही थी। ड्रिल मशीन के तेतरी चौराहे के पास पहुंचने पर दबाव बढ़ने से सड़क की सतह फट गई और मिट्टी बाहर निकलने लगी। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी प्रक्रिया के दौरान हुई स्थिति है और घबराने की आवश्यकता नहीं है।उन्होंने बताया कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र को घेर दिया गया है तथा संबंधित एजेंसी को सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

# खेसरहा में मिशन शक्ति टीम ने बहू–बेटी सम्मेलन कर महिलाओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 (ए) अभियान के तहत थाना खेसरहा प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बनुहिया बुजुर्ग में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया।सम्मेलन के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस व हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें।इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और पुलिस टीम द्वारा दी गई जानकारियों को उपयोगी बताया।




# आर्केस्ट्रा में तमंचे पर डांस का वीडियो वायरल, जांच में हथियार निकला नकली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुहर्रम की रात आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में स्टेज पर तमंचा लहराते हुए डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। मामला चिल्हिया थाना क्षेत्र के पथरा देवी चौकी अंतर्गत मुहर्रम मेले का बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार मेले में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम चल रहा था, जहां महिला डांसर भोजपुरी और हिंदी गीतों पर प्रस्तुति दे रही थी। इसी दौरान कुछ युवक स्टेज पर चढ़ गए और अश्लील हरकतें करते हुए डांस करने लगे। वायरल वीडियो में एक युवक हाथ में तमंचा लहराते हुए दिखाई दे रहा है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि वीडियो में दिखाई दे रहा असलहा नकली था। पुलिस के अनुसार युवक द्वारा इस्तेमाल किया गया हथियार खिलौना जैसा नकली तमंचा निकला।रोजे कुमार गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की गई है। जांच में असलहा नकली पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# घर में घुसे जंगली सुअर ने सास–बहू को किया घायल, ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में रविवार सुबह एक जंगली सुअर ने घर में घुसकर सास–बहू पर हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सुअर को घेरकर पीट–पीटकर मार डाला।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब छह बजे सोनबरसा गांव निवासी 55 वर्षीय सावित्री देवी पत्नी अमेरिका के घर में अचानक एक जंगली सुअर घुस आया। सावित्री देवी ने उसे सामान्य सुअर समझकर भगाने का प्रयास किया, तभी सुअर ने उन पर हमला कर दिया।चीख–पुकार सुनकर उनकी 28 वर्षीय बहू बिन्द्रावती पत्नी राजेन्द्र उन्हें बचाने पहुंचीं, लेकिन जंगली सुअर ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत में सुधार है।घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। गुस्साए ग्रामीणों ने जंगली सुअर को घेरकर जाल में फंसा लिया और लाठी–डंडों से पीट–पीटकर मार डाला।कठेला समय माता थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घायलों का इलाज परिजनों द्वारा कराया जा रहा है।

# खेसरहा में स्वास्थ्य मेले में 26 मरीजों का उपचार: निशुल्क दवाओं का वितरण, आठ की हुई ब्लड जांच

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा/सिद्धार्थनगर।सिद्धार्थनगर के खेसरहा क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकुर सकारपार में रविवार, 10 मई 2026 को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 26 मरीजों का उपचार किया गया और उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं।इसके अतिरिक्त, आठ मरीजों की ब्लड जांच भी की गई।मेले में पहुंचे मरीजों में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोग शामिल थे। इनमें छह मरीज बुखार से, तीन कफ से, छह शुगर से, तीन त्वचा रोग से, एक लूज मोशन से और सात अन्य बीमारियों से ग्रस्त थे। सभी मरीजों को चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद आवश्यक परामर्श और निशुल्क दवाएं प्रदान की गईं।इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. रोहित वर्मा ने मरीजों को बदलते मौसम के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर दिया कि नियमित जांच और समय पर उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।स्वास्थ्य मेले के सफल आयोजन में फार्मासिस्ट मनोज कुमार श्रीवास्तव, एलटी ज्ञानेंद्रनाथ और वार्ड बॉय एजाज अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



## मां–बाप की डांट से नाराज युवक ने पेड़ से लटककर दी जान, 15 दिन पहले ही हुई थी शादी

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़। महादेव ननकार गांव में शनिवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक, दीपक, का शव बाग में पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात माता–पिता की मामूली डांट से नाराज होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। दीपक की दूसरी शादी महज 15 दिन पहले हुई थी, जबकि उसकी पहली पत्नी की मौत दो साल पहले प्रसव के दौरान हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# सोनौली कोतवाली क्षेत्र में 390 नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश


सोनौली। महराजगंज। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के पावर हाउस के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामद की।थाना अध्यक्ष सोनौली महेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान धौरहरा सर्विस लेन पावर हाउस के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 130 डाईजापाम इंजेक्शन, 130 बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन तथा 130 प्रोम्थाज़ीन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन बरामद हुए। कुल 390 नशीले इंजेक्शन मिलने के बाद पुलिस ने युवक को तत्काल गिरतार कर लिया।गिरतार युवक की पहचान समीर अहमद (23 वर्ष) पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम बैरवा चंदनपुर खोरिया बाजार थाना नौतनवा जनपद महराजगंज के रूप में हुई है।इस संबंध में प्रभारी कोतवाल सोनौली महेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना सोनौली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22/23 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से चोरी समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।




# शोहरतगढ़ में सघन वाहन चेकिंग अभियान, 50 वाहनों का चालान

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने, बिना नंबर प्लेट तथा आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में संचालित वाहनों की जांच की गई।एनएच–730 स्थित शोहरतगढ़–चेतिया मोड़, झूलनीपुर चौराहा, कोटिया चौकी एवं खुनुवा चौकी क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 50 वाहनों का चालान किया। इस कार्रवाई में करीब 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन कराना पुलिस की प्राथमिकता है तथा आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।अभियान के दौरान अवधेश पाण्डेय, रामबदन यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# गाड़ी रोक युवक पर चाकू से हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

भवानीगंज। थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक पर गाड़ी रोककर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बंजरहा निवासी लालमन मौर्य शनिवार दोपहर करीब तीन बजे असाधरपुर गांव स्थित अपनी बहन के घर से वापस लौट रहे थे। आरोप है कि धनखरपुर गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली।पीड़ित का आरोप है कि धनखरपुर निवासी प्रेम यादव, राजकुमार यादव, अजय यादव पुत्र मिश्रीलाल और एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें रोकते ही गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लात–घूंसों से मारपीट की। इसी दौरान प्रेम यादव ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे लालमन मौर्य की पीठ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया।इसके बाद घायल लालमन मौर्य ने भवानीगंज थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष भवानीगंज विजय शंकर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है। घायल का मेडिकल कराया गया है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नेपाल में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, 22 वषह्रय चालक की अस्पताल में मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

खुनुवां। नेपाल के कपिलवस्तु जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक पिंटू बारी (22) की मौत हो गई। हादसा महाराजगंज नगरपालिका–1 के बगहिया के पास खरेंद्रपुर रोड पर हुआ, जहाँ ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गंभीर रूप से घायल पिंटू को तौलिहवा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# युवराष्ट्र की बैठक में जिला टोली का निर्माण



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।रविवार को युवराष्ट्र के अंतर्गत युवा शिक्षक, डॉक्टर, व्यवसाई ,.षक ,समाजसेवी अन्य क्षेत्रों से आए युवा कार्यकर्ताओं की बैठक एम एल के पीजी कॉलेज में सम्पन्न हुई ।बैठक में प्रांतीय अधिकारी संजय ,युवराष्ट्र अवध प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र भाई साहब के मार्गदर्शन में स्थानीय एम एल के पीजी कॉलेज में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला टोली का निर्माण किया गया। युवराष्ट्र कार्य अवध प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र से जोड़ने के लिए उक्त कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज भारत का प्रतिभाशाली युवा विदेश में जाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है जबकि उसके प्रतिभा का लाभ स्वराष्ट्र को मिलना चाहिए। युवराष्ट्र कार्य विभाग प्रमुख नीलमणि ने बताया कि जल्द ही इन सभी क्षेत्र के युवाओं की टोली बनाई जाएगी।उक्त बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जीतेन्द्र ,जिला कार्यवाह किरीट ,उत्कर्ष ,सुधीर ,श्रीप्रकाश,देवेंद्र समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**लिहाजा अदालत ने इंदिरा गांधी को अगले छह सालों तक लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लडने के अयोग्य ठहराया। इंदिरा गांधी और उनके समर्थकों को अंदाजा लगने लगा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला उनके खिलाफ जा सकता है, ऐसे में जज को मनाने की कोशिश भी हुई, लेकिन जस्टिस सिन्हा किसी दबाव में नहीं आए। इस फैसले के बाद इंदिरा गांधी सुप्रीम कोर्ट गईं...**

## पश्चिम बंगाल में सियासी बदलाव के निहितार्थ

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भीषण हार के बावजूद ममता बनर्जी का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना उनकी तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। यह बात दीगर है कि संवैधानिक तौर पर ममता के इस्तीफे नहीं देने से भी प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बनने से नहीं रोका जा सकता। ममता की यह प्रवृत्ति दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद दिलाती है। इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में धांधली के आरोपों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मानने से इंकार करते हुए देश को आपातकाल की आग में धकेल दिया था। ममता बनर्जी भी इसी राह पर चलती नजर आती हैं। ममता बनर्जी के 15 वर्षों के शासन का अंत उनके लिए किसी दुस्वप्न से कम नहीं है। ममता ने ऐलान किया कि राजभवन जाकर इस्तीफा नहीं दूंगी। पश्चिम बंगाल में करारी हार के बाद भी टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के तेवर नरम नहीं पड़े हैं। ममता ने हार के बाद केंद्र सरकार से लड़ाई का नया ऐलान कर दिया। ममता ने कहा कि मुझे हराया गया है। उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि साजिश करके उन्हें हराया गया है। ममता ने कहा कि मैं हारी नहीं हूं मैं राजभवन जाकर इस्तीफा नहीं दूंगी। ममता के तेवरों से साफ हो गया है कि वह बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के साथ अपनी लड़ाई को आगे ले जाने का मंसूबा बना चुकी हैं। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, बंगाल में यह (वोट चोरी) और ज्यादा हुआ क्योंकि हमने बहुत कड़ी लड़ाई लड़ी। हमारी लड़ाई सीधे तौर पर भाजपा के साथ नहीं थी, हमारी लड़ाई चुनाव आयोग के साथ थी। अगर चुनाव आयोग बिक जाए, न्यायपालिका से न्याय न मिले, इतने लोगों को एसआईआर के नाम पर निकाल दिया जाए, अधिकारी एकतरफा काम करें तो फिर क्या रास्ता रह जाता है। ममता के बयान से साफ जाहिर है कि उन्हें चुनाव हारने के कारण इंदिरा गांधी की तरह न्यायपालिका पर भरोसा नहीं रहा है। देश में यह पहला मौका है जब किसी मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका पर अविश्वास जताया है। ममता की मनमानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश की शीर्ष अदालत ने कई मामलों में उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। संवैधानिक परंपराओं के तहत, अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं, तो राज्यपाल विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकते हैं। इस सत्र में बहुमत साबित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। भाजपा के पास 206 सीटें हैं और टीएमसी के पास सिर्फ 80, इसलिए ममता बनर्जी सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाएंगी। जाहिर है अविश्वास प्रस्ताव पारित होते ही मुख्यमंत्री ममता को हर हाल में अपनी कुर्सी छोडनी होगी। भारतीय संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री का पद राज्यपाल की मंजूरी तक ही बना रहता है। अनुच्छेद 164 में स्पष्ट है कि राज्यपाल ही मुख्यमंत्री की नियुक्ति करते हैं। अगर मुख्यमंत्री चुनाव हार गए हैं या उनकी पार्टी सदन में बहुमत खो चुकी है और फिर भी वे इस्तीफा देने में आनाकानी करते हैं, तो राज्यपाल को उन्हें पद से बर्खास्त करने का पूरा अधिकार है। राज्यपाल एक आधिकारिक आदेश जारी कर वर्तमान सरकार को तत्काल प्रभाव से भंग कर सकते हैं। ममता के तेवरों से जाहिर है कि इंदिरा गांधी जैसा निरंकुश तरीका अपनाने का विफल प्रयास कर रही हैं। वर्ष 1971 में लोकसभा के चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार राजनारायण को भारी अंतर से हराया था। प्रतिद्वंद्वी राजनारायण ने इसे कोर्ट में चुनौती दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने 12 जून 1975 के दिन याचिका में इंदिरा गांधी के खिलाफ गिनाए गए पांच मुद्दों में तो इंदिरा गांधी को राहत दे दी थी, लेकिन दो मुद्दों पर उन्होंने इंदिरा गांधी को दोषी पाया था। फैसले में अदालत ने पाया कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत इंदिरा गांधी ने सरकारी साधनों का दुरुपयोग किया है। लिहाजा अदालत ने इंदिरा गांधी को अगले छह सालों तक लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लडने के अयोग्य ठहराया। इंदिरा गांधी और उनके समर्थकों को अंदाजा लगने लगा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला उनके खिलाफ जा सकता है, ऐसे में जज को मनाने की कोशिश भी हुई, लेकिन जस्टिस सिन्हा किसी दबाव में नहीं आए।

## पंचायत चुनावों में 'देवनीति' का प्रभाव

हिमाचल की जनता की देव समाज और देव संस्कृति के प्रति गहरी आस्था रही है। कोई भी नया कार्य शुरू करना हो, तो देवी–देवताओं का आशीर्वाद लेकर ही उसकी शुरुआत की जाती है। अगर किसी के जीवन में कोई दुरूख–क्लेश चला है, तो वह व्यक्ति भी उससे मुक्ति के लिए देवताओं के दरबार में हाजिरी भरता है। इसी तरह प्रदेश की चुनावी राजनीति में भी देव–सत्ता की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। गांव की सरकार चुननी हो या संसद के लिए जनप्रतिनिधि, चुनावों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से देवी–देवताओं का प्रभाव रहता है। हिमाचल प्रदेश में इसी महीने 26, 28 और 30 मई को पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने हैं। मगर सिरमौर के तिलौरधार विकास खंड की टिटियाना पंचायत का चुनाव पहले ही शांतिपूर्वक व बिना किसी खर्च व प्रचार के सम्पन्न हो गया। यहां पंचायत प्रधान सहित वार्ड सदस्य चुनने के लिए वोट नहीं, पर्ची सिस्टम तय किया गया। जिन उम्मीदवारों के नाम की पर्ची निकली, उनको प्रधान व सदस्य चुन लिया जाता है। अब सभी उसे पांच साल के लिए अपना प्रतिनिधि मानंगे। यहां खास बात यह है कि यह चुनाव देव समाज के आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ। 21वीं सदी में यह बात सुनने में भले ही अटपटी लगे, मगर देव समाज में लोगों की अटूट आस्था ही मानी जाएगी कि लोगों ने अपने भविष्य का फैसला देवता पर छोड़ दिया। यहां ईष्टदेव महासू महाराज के समक्ष एकत्रित होकर लोगों ने अपने नुमाइंदे चुन लिए। पंचायत के प्रबुद्ध लोगों ने खर्च पर लगाम लगाने के लिए अपने ईष्टदेव महासू महाराज के समक्ष फैसला लेकर कसम खाई है कि अब कोई चुनाव नहीं होगा। जिस बेड़े अर्थात ग्रुप या वार्ड की बारी आएगी, उसकी पर्चियां डाली जाएंगी। जिसकी पर्ची निकलेगी, वही प्रधान व सदस्य चुन लिया जाएगा। यहां नामांकन से पहले चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों की पर्ची निकाली गई। जिस उम्मीदवार की पर्ची निकली है, वही नामांकन करेगा। इसके बाद अन्य उम्मीदवार नामांकन नहीं करेंगे। चुनाव आयोग भी इस तरह के निर्विरोध चुनावों को समर्थन एवं प्रोत्साहन देता आया है। इस बार निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायत को 25 लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी। हालांकि सत्ता के लोभ में किसी दूसरे व्यक्ति के लिए प्रधान की कुर्सी छोड़ देना आसान नहीं होता। मगर देव दरबार में हुए फैसले की सबसे बड़ी खूबी ही यही है कि समाज सहज भाव से इसे स्वीकार कर लेता है। टिटियाना पंचायत में ईष्टदेव महासू महाराज के दरबार में हुए इस फैसले को सभी ने एकमत से स्वीकार कर लिया और ईष्टदेव के सामने उस फैसले का उल्लंघन न करने की कसम खाई। इसके बाद भी अगर कोई उल्लंघन करता है तो उसका साथ कोई नहीं देता, उलटा उस पर अर्थदंड और पूरी पंचायत को भोज देने की कार्रवाई के साथ ही उसका हुक्का–पानी बंद करने का भी प्रावधान किया गया है। देवभूमि की इस परंपरा के बारे में शशि के. पालंटा लिखते हैं कि देवभूमि हिमाचल के लोगों के सामाजिक–राजनीतिक जीवन में स्थानीय देवी–देवता एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कभी–कभी इन देवताओं के आदेश ही उनकी चुनावी पसंद को भी तय करते हैं। इन चुनावों में देव समाज का गहरा प्रभाव रहा है। राजनीति के संचालन में देवनीति का प्रचलन तब से है, जब तक देश ने स्वतंत्र होने के बाद संविधान के तहत लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी नहीं चुना था।

## विपक्ष की एकता की नयी शुरुआत

**तो अब अगर निजी स्वार्थों को किनारे कर सारे दल फिर से एकजुटता दिखाएं और आने वाले दो–ढाई सालों में पूरे देश में जमकर काम करें, राहुल गांधी की तरह जमीन पर उतरें, जनता की नब्ज पकड़ें तो क्या माहौल बदला नहीं जा सकता। माना कि यह बड़ी आदर्श कल्पना है और चुनावी राजनीति में आदर्श की बातें काम नहीं आती, लेकिन इसके अलावा विपक्ष के पास विकल्प भी नहीं है। इस समय पूर्व, उत्तर और पश्चिम ...**

प.बंगाल में भाजपा की जीत के बाद अब विपक्ष में नए सिरे से एकजुटता बनती नजर आ रही है। 4 मई की रात राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि असम और बंगाल में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग के समर्थन से चुनाव धांधली के स्पष्ट उदाहरण हैं। हम ममताजी से सहमत हैं। बंगाल में 100 से अधिक सीटें धांधली से जीती गईं। हमने पहले भी इस तरह की रणनीति देखी हैरू मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, लोकसभा 2024 आदि। चुनाव चोरी, संस्था चोरी– अब और चारा ही क्या है! नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहली बार चुनाव चोरी, संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा के कब्जे की बात नहीं कही है, वे लगातार इस मुद्दे को संसद से सड़क तक उठाते रहे हैं। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में कितनी गड़बड़ियां कीं, इसके सबूत कर्नाटक, महाराष्ट्र से लेकर हरियाणा चुनावों के बाद राहुल गांधी ने दिखाए। अब एक बार फिर राहुल गांधी इसी चुनाव चोरी, संस्था चोरी की बात कह रहे हैं। लेकिन उसके बाद जब वे कहते हैं अब और चारा ही क्या है, तो यह उनकी निराशा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र पर भाजपा के आखिरी प्रहार की गूंज है। अब कम से कम विपक्ष के बाकी दलों को सोचना चाहिए कि जब राहुल गांधी वोट चोरी पर बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करते थे और सैकड़ों पत्रकारों के सामने अकेले खड़े होकर उनके सवालों को लेने के लिए तैयार रहते थे, तब विपक्ष के बाकी दलों ने उनका उसी तरह साथ देने का जज्बा क्यों नहीं दिखाया। बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने जब वोटर अधिकार यात्रा निकाली तब टीएमसी की तरफ से ममता बनर्जी या अभिषेक बनर्जी



भी उनके साथ उतरते तो क्या इसके बाद बंगाल में बिहार की तरह खेल संभव हो पाता? बहरहाल, पांच राज्यों के चुनावी नतीजों के बाद अब ऐसे किंतु–परंतु वाले कई सवाल विपक्ष के सामने खड़े हो चुके हैं और इनका सामना करने में ही समझदारी है। अच्छी बात यह है कि खुद ममता बनर्जी इस बात को समझ रही हैं। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में ममता बनर्जी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने उन्हें फोन किया और अब वे विपक्षी एकजुटता को मजबूत करेंगी। विपक्ष का साथ आना अब जरूरी भी है क्योंकि भाजपा अब पहले से कहीं ज्यादा अहंकार के साथ नजर आ रही है। नरेन्द्र मोदी ने भले अपने विजय भाषण में कहा कि बदला नहीं बदलाव की बात करनी है, लेकिन प.बंगाल में कल से टीएमसी दफ्तरों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले शुरु हो चुके हैं। आसनसोल, सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी, फल्टा समेत कई जगहों पर टीएमसी के बूथों या कार्यालयों में भाजपा के लोगों ने उपद्रव मचाया है। एक जगह तो विजय जुलूस में एक पुरुष को ममता बनर्जी जैसी साड़ी में लपेट कर चप्पलों से पीटा जा रहा है, बांध कर घसीटा जा रहा है। ऐसे दृश्य बताते हैं कि भाजपा ने कितनी नफरत प.बंगाल में भर दी है। ऐसा नहीं है कि भाजपा का असली चेहरा अभी लोगों को दिख रहा है। यह तो 2014 से ही नजर आ रहा था। उस समय भी गांधी परिवार से नफरत दिखाई गई, फिर धीरे–धीरे विपक्षी दलों को तोड़ने का काम किया गया। नोटबंदी, जीएसटी या लॉकडाउन जैसे फैसले तो लिए ही गए, जिनमें आम जनता के सामने पहली चुनौती अपने जान–माल की रक्षा की हो गई और वो उसमें इतनी उलझ गई कि सरकार असल में कैसे काम कर रही है, इस पर ध्यान ही नहीं गया। जो थोड़ी बहुत कसर रह गई उसे मंदिर और धर्म की राजनीति से पूरा कर दिया गया। नरेन्द्र मोदी के अलावा देश में कभी कोई ऐसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ जो हर दूसरे महीने कभी त्रिशूल, कभी डमरू, कभी माथे पर तिलक लगाकर मंदिरों में पूजा–पाठ की रील बनवाता रहे। लेकिन अब लोगों ने इसे न्यू नॉर्मल मानकर इस पर भी सवाल उठाना छोड़ दिया है। नतीजा ये है कि संविधान बदलने और संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे की जो कोशिश भाजपा शुरु से करती आई है, उसमें अब उसे सफलता मिल रही है। प.बंगाल में भाजपा की बड़ी जीत इसी दिशा में अब एक बड़ा कदम है। ऐसे में विपक्ष का फिर से साथ आना जरूरी हो गया है। 2024 के चुनाव के लिए 2023 में ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं की पहल पर ही विपक्षी एकजुटता की कोशिश शुरु हुई थी। तब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के कारण देश भर में अपना दम दिखा चुके थे, इसलिए कांग्रेस स्वाभाविक तौर पर इस गठबंधन में सबसे प्रभावशाली स्थिति में थी। लेकिन क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को राहुल गांधी का नेतृत्व रास नहीं आया। नीतीश कुमार तो जल्दी ही पलटी मार गए। ममता बनर्जी नानुकुर के साथ इंडिया गठबंधन में रहीं, अरविंद केजरीवाल पर भरोसा किया ही नहीं जा सकता था। फिर भी संविधान बचाने के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिश राहुल गांधी ने की, उनका साथ विपक्ष के नेताओं ने दिया और आखिर में भाजपा को 240 पर लोकसभा में रोकने में मदद मिल गई। ध्यान रहे कि पूरी तरह एकजुट न होने और महज एक साल के वक्त में यह कमाल इंडिया गठबंधन ने कर दिखाया था। तो


## चुनावी नतीजों से बनी 2029 की तस्वीर

**बसपा तो यहां पहले ही भाजपा के सामने घुटने टेक चुकी है। इस वक्त मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, नगालैंड जैसे राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, जिनमें भाजपा किसी न किसी तरह शामिल है। असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की अपनी सरकार है। झारखंड में झामुमो के साथ कांग्रेस की सरकार है इसके अलावा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और अब केरल में ...**

2014 के कुछ पहले से देश में एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही थी, जिसमें भाजपा के नरेन्द्र मोदी के बरक्स कांग्रेस के राहुल गांधी को खड़ा किया जाता था। हालांकि 2014 में नरेन्द्र मोदी भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे और राहुल गांधी एक सांसद से ज्यादा कुछ नहीं थे। फिर भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार रहता था और इसमें भी राहुल गांधी तो 2004 से ही, जब वे पहली बार सांसद बने थे, तब से भाजपा के निशाने पर रहते थे। दरअसल भाजपा ने 2014 में कांग्रेस मुक्त भारत की मुहिम छेड़ी थी और उसका यह अनुमान था कि अगर राहुल गांधी को पस्त किया जा सके तो कांग्रेस भी फिर ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाएगी। 2014 के बाद के जिन चुनावों में कांग्रेस को मात मिलती, उसे भाजपा कांग्रेस मुक्तभारत की तरफ एक और कदम बताती थी। लेकिन धीरे–धीरे उसे समझ आया कि न राहुल गांधी को झुकाना संभव है, न देश को कांग्रेस मुक्त बनाना। इसके बाद भाजपा की रणनीति बदली और उसके निशाने पर आए क्षेत्रीय दल। चाहे विपक्ष के दल हों या एनडीए में भाजपा के अपने सहयोगी दल, किसी को भी बख्शा नहीं गया। 2026 में जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए हैं, उनके नतीजे इसी रणनीति, इसकी सियासी कहानी का विस्तार कहे जा सकते हैं। तमिलनाडु, केरल, पुडूचेरी, असम और प.बंगाल में 4 मई को आए



नतीजे केवल इन राज्यों के लिए नहीं बल्कि समूचे लोकतंत्र के लिए बड़ा संदेश लेकर आए हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पूरे नतीजे तो घोषित नहीं हुए, लेकिन असम और पुडूचेरी में भाजपा की सरकार फिर से बन रही है, प.बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 15 साल बाद हार रही है, लेकिन भाजपा को बड़ी जीत मिली है, यह ज्यादा बड़ी खबर है। केरल में कांग्रेस 10 साल बाद सत्ता में आ रही है और पहली बार वाम मोर्चा किसी राज्य में सत्ता में नहीं है। वहीं तमिलनाडु में भी डीएमके सत्ता से बाहर हो गई है। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानी डीएमके और कांग्रेस गठबंधन अपनी सत्ता बरकरार नहीं रख पाए। लेकिन यहां की परंपरागत राजनीति की तरह इस बार अन्नाद्रमुक को सत्ता नहीं मिली, बल्कि टीवीके बनाकर राजनीति में पहली बार कदम रखने वाले फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय ने बड़ी जीत हासिल की है। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी अभिनेता–अभिनेत्रियों का बड़ा कद हासिल करना नया चलन नहीं है। लेकिन फिर भी टीवीके की जीत पर आश्चर्य जताया जा रहा है क्योंकि विजय कभी अपनी रैलियों में अव्यवस्था को लेकर, कभी निजी जीवन के विवादों को लेकर सवालों के घेरे में रहे। यह तो माना जा रहा था कि विजय के कारण वोट बंटेंगे और खासकर स्टालिन को नुकसान होगा, लेकिन इसकी उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी जीत वो दर्ज करेंगे। बहरहाल, अब वे किस तरह सत्ता संभालते हैं और क्या कांग्रेस इसका हिस्सा किसी तरह बनती है या नहीं, ये देखना होगा। क्योंकि विजय डीएमके विरोधी तो हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए अपना झुकाव वे एकाधिक मौकों पर दिखा चुके हैं। अगर कांग्रेस गठबंधन में उन्हें साथ लेती तो शायद तमिलनाडु में समीकरण बदल सकते थे। बहरहाल, कांग्रेस ने केरल में बड़ी जीत दर्ज की है और उस एलडीएफ को हराया है, जिसे राहुल गांधी कई बार भाजपा का सहयोगी बता चुके हैं। केरल में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनेगा यह तो तय है, बस नाम पर मुहर लगना बाकी है। लेकिन इस जीत में कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती भी है कि उसे यहां खाता खोल चुकी भाजपा को और आगे बढ़ने नहीं देना है। क्योंकि भाजपा की शुरुआत कम अंकों से भी हो, तब भी अपनी जायज–नाजायज रणनीतियों और तरीकों से वह बड़े अंक जल्द ही ले आती है। प.बंगाल इसी का उदाहरण है। 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के खाते में दो बड़ी सफलताएं जुड़ चुकी हैं। एक तो बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाना और दूसरा प.बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनाना। इन सफलताओं में ईवीएम धांधली, एसआईआर और चुनाव आयोग के पक्षपाती रवैये का कितना योगदान है, यह अलग विश्लेषण का विषय है। लेकिन क्षेत्रीय दलों के लिए भाजपा का ऐसा प्रदर्शन अब उनके अस्तित्व के लिए ही बड़ी चुनौती बन चुका है। महाराष्ट्र में भाजपा को शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस ने सत्ता से बाहर किया तो भाजपा ने पहले शिवसेना और फिर एनसीपी को ही तोड़ दिया। अब इस राज्य में ये क्षेत्रीय दल इतने मजबूत नहीं रह पाएं हैं कि अकेले भाजपा का मुकाबला कर सकें। हरियाणा में भाजपा ने यही खेल जेजेपी के साथ खेला। ओडिशा में बीजू जनता दल को विपक्ष में बैठने पर मजबूर किया। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल का नाम लालू प्रसाद के कारण बचा हुआ है, लेकिन वह भी कब तक कहा नहीं जा सकता। लोकजनशक्ति पार्टी भी भाजपा ने तुड़वा ही दी है। जनता दल यूनाइटेड भाजपा के साथ सत्ता में है, लेकिन नीतीश कु मार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतरवाकर भाजपा ने उसे भी जमीनी हकीकत से परिचय करा दिया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को पहले हराया और अब तोड़ दिया गया है। ले देकर इस समय केवल पंजाब में आप की सत्ता है, जो गैरभाजपा, गैरकांग्रेस सरकार है। यहां शिरोमणि अकाली दल भी भाजपा ने खत्म ही कर दिया है। अब अगले साल के चुनाव बताएंगे कि यहां कांग्रेस पहले की तरह जीत दर्ज करती है या फिर भाजपा के खाते में ये राज्य भी आएगा। यही चुनौती अगले साल उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के सामने होगी, जिसमें वे भाजपा को हरा सके तो समाजवादी पार्टी का अस्तित्व मजबूत होगा।



# आईपीएल में राशिद खान का बड़ा कारनामा, सुनील नारायण और रविंद्र जडेजा को पछाड़कर बनाया नया रिकार्ड

मौजूदा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 के 52वें मैच में गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दोनों टीमें 9 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भिड़ीं और मेजबान टीम को पूरी तरह से पछाड़ते हुए टाइटन्स ने 77 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में कई ऐसे पहलू थे जो जीटी के लिए उल्लेखनीय रहे, और उनमें से एक था ऑलराउंडर राशिद खान का गेंदबाजी प्रदर्शन। चार ओवरों के पूरे स्पेल में राशिद खान ने सिर्फ 33 रन दिए और चार शानदार विकेट लेकर जीटी के पक्ष में मैच का रुख मोड़ दिया।

ऐसा करके उन्होंने आईपीएल इतिहास में स्पिनर के तौर पर सबसे ज्यादा तीन विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में



सुनील नारायण, रविंद्र जडेजा और कई अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। गौरतलब है कि यह आईपीएल में राशिद का 18वां तीन विकेट लेने का कारनामा थाय उनसे आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल हैं जिनके नाम 23 तीन विकेट हैं। अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस स्टार ऑलराउंडर ने आगे आकर बताया कि पहली गेंद फेंकते ही उन्हें एहसास हो गया था कि वह इस विकेट पर कुछ कमाल कर सकते हैं।

मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में राशिद खान ने कहा कि हां, जैसे ही मैंने पहली गेंद फेंकी, मुझे पता चल गया था कि मैं कुछ कर सकता हूं लेकिन बात बस इतनी है कि गेंदबाजी करते समय गति में विविधता बनाए रखनी है। मैं गति में विविधता लाने और लगातार सही जगह पर गेंद डालने की कोशिश कर रहा था, और स्टंप को छोड़ना नहीं चाहता था। मुझे लगता है कि अगर मैं स्टंप छोड़ देता हूं, तो बल्लेबाज के लिए एक रन लेना या चौका लगाना आसान हो जाता है।

आईपीएल में स्पिनरों द्वारा सबसे अधिक तीन विकेट लेने का रिकॉर्ड

23 – युजवेंद्र चहल 18 – राशिद खान' 17 – सुनील नारायण 17 – अमित मिश्रा 17 – रविंद्र जडेजा

# अमेरिका के मियामी में टूरिस्ट बोट में धमाका, 11 यात्री घायल, गैस रिसाव की आशंका

शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी स्थित प्रसिद्ध हाउलोवर सैंडबार के पास एक नाव में संदिग्ध विस्फोट के बाद कम से कम 11 लोग घायल हो गए, जिससे शहर के सबसे व्यस्त पर्यटन स्थलों में से एक में दहशत फैल गई। यह घटना लोकप्रिय हाउलोवर सैंडबार के पास बिस्केन खाड़ी में हुई, जो पर्यटकों, नाव चालकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है, खासकर सप्ताहांत में। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट कई यात्रियों को ले जा रही एक चार्टर नाव में हुआ। दोपहर के आसपास संभावित विस्फोट की सूचना मिलने के बाद मियामी–डेड फायर रेस्क्यू की आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं।



बचाव अधिकारियों ने बताया कि स्थिति से निपटने के लिए दो दर्जन से अधिक आपातकालीन इकाइयों को तैनात किया गया था। बचाव दल को कई घायल यात्री मिले जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। अधिकारियों ने पुष्टि की कि 11 लोगों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि अधिकारियों ने चोटों की गंभीरता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है, लेकिन बचाव कर्मियों ने बताया कि विस्फोट के दौरान कुछ पीड़ितों को जलने और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट के समय जहाज पर लगभग 14 लोग सवार थे।

घटना के सटीक कारण की अभी भी जांच चल रही है। हालांकि, एक यात्री ने स्थानीय मीडिया को बताया कि विस्फोट नाव में गैस रिसाव के कारण हुआ होगा। फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्यजीव संरक्षण आयोग ने कहा कि जांचकर्ता नाव की जांच कर रहे हैं और विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए सबूत जुटा रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक बल भी जांच और बचाव अभियान में शामिल हो गया है। आस–पास के लोगों ने विस्फोट के तुरंत बाद अफरा–तफरी का माहौल देखा। इलाके में एक अन्य नाव चला रहे एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया कि उन्होंने विस्फोट के बाद यात्रियों को पानी में गिरते देखा। उन्होंने उस भयावह क्षण को याद करते हुए स्थानीय मीडिया को बताया, ष्जब हमने पीछे मुड़कर देखा, तो हमने लोगों को धुएं में नाव से उड़ते हुए देखा।ष

# दीपिका कुमारी का गोल्डन कमबैक, शूट–ऑफ में चीन को हराकर जीता स्वर्ण

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5–4 (28–26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चौंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला



विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है। नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया। प्रफुल्ल डांगे को उनकी शिष्या कुमकुम के राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद महिला रिकर्व कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह काफी हद तक पृष्ठभूमि में ही रहे जबकि दीपिका ने घरेलू दर्शकों और मुखर चीनी सहयोगी स्टाफ के दबाव भरे पलों में टीम का मार्गदर्शन किया। पिछले साल विश्व कप में पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों झू जिंगयी, हुआंग युवेई और यू क्यूई की चीन की टीम के खिलाफ भारत शुरुआत में तो नियंत्रण में दिखा लेकिन पहला सेट (54–53) जीतने के बाद विरोधी टीम को वापसी का मौका दे दिया। भारतीय तिकड़ी में सबसे अंत में निशाना साधते हुए दीपिका ने लगातार 10 अंक बनाए जिससे अंकिता (8–8) और 17 वर्षीय कुमकुम (10–8) के उतार–चढ़ाव वाले प्रदर्शन के बावजूद भारत पहला सेट जीतने में सफल रहा। दीपिका ने दूसरे सेट में भी अपनी बेहतरीन लय जारी रखी और एक और 'परफेक्ट 10' लगाया जिससे भारत तीन शॉट के बाद एक अंक की बढ़त (28–27) बनाने में सफल रहा। चीन ने दूसरे सेट के अपने आखिरी तीन तीर में दो बार नौ और एक बार 10 अंक जुटाकर जोरदार वापसी की और कुल 55 अंक बनाए। अंकिता ने 9 अंक बनाए लेकिन कुमकुम केवल आठ अंक ही जुटा सकीं जिससे सेट को बराबर करने के लिए दीपिका को 10 अंक की आवश्यकता थी लेकिन चार बार की यह ओलंपियन सात अंक ही जुटा सकी जिससे भारत यह सेट 52–55 से हार गया और चीन 2–2 से बराबरी पर आ गया। इसके बाद मेजबान टीम ने तीसरा सेट 57–56 से जीतकर 4–2 की बढ़त बना ली। चौथे सेट में दीपिका के दो बार 10 का स्कोर करने के बावजूद भारत हार की कगार पर खड़ा नजर आ रहा था। कुमकुम का आखिरी तीर सात अंक पर लगा जिससे भारत 54 अंक तक ही पहुंच पाया। मैच जीतने के लिए चीन को अपने आखिरी तीन तीर से दो बार 10 और एक बार नौ का स्कोर करना जरूरी था। झू और हुआंग ने परफेक्ट 10 का स्कोर किया जिससे 18 साल की यू क्यूई को जीत के लिए नौ अंक की जरूरत थी लेकिन यह युवा खिलाड़ी आठ अंक ही जुटा सकी जिससे भारत ने सेट जीत लिया और मैच शूट ऑफ में चला गया। शूट ऑफ में भारतीय खिलाड़ियों ने सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंकिता ने नौ के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि कुमकुम ने शानदार 10 अंक जुटाए। जब खिताब जीतने के लिए आठ अंक की जरूरत थी तब दीपिका ने धैर्य बरकरार रखते हुए नौ अंक के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की।

## सुनील छेत्री बने आईएसएल किंग , 195वां मैच खेलकर तोड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, टीम को भी दिलाई जीत


जमशेदपुर एफसी के खिलाफ शनिवार को यहां बेंगलुरु एफसी की 1–0 की जीत के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान और



दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। जमशेदपुर एफसी ने मैच के बड़े हिस्से में दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहले हाफ में बेंगलुरु एफसी के रयान विलियम्स द्वारा 38वें मिनट में किया गया गोल निर्णायक साबित हुआ। बेंगलुरु एफसी ने 41 वर्षीय छेत्री को शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया था, लेकिन वह 85वें मिनट में नामग्याल भूटिया की जगह मैदान पर आए और 195 मैचों के साथ आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। दिग्गज स्ट्राइकर ने 2025 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इस जीत के साथ बेंगलुरु एफसी 12 मैचों में 20 अंकों के साथ आईएसएल तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि जमशेदपुर एफसी 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट शीर्ष दो टीमों के साथ बराबरी पर हैं।

# शहबाज शरीफ के तीखे तेवर, कहा– पाकिस्तान अब ''एक जिम्मेदार राष्ट्र'', हर हमले का देंगे जवाब

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान अब एक ''जिम्मेदार'' राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है, जो न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि ''वैश्विक शांति और स्थिरता की गारंटी देने वाला'' बनकर भी उभरा है। 'मारका–ए–हक' के एक साल पूरे होने पर शनिवार देर रात प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी संदेश में शहबाज शरीफ ने शत्रुता के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा निभायी गयी भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने पिछले वर्ष भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष को 'मारका–ए–हक' नामक दिया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने पिछले वर्ष छह–सात मई की दरमियानी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था।



इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे, जिनमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए थे। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया था। पाकिस्तान ने जवाबी हमले किए थे। हालांकि भारतीय सेना ने उनमें से अधिकांश को विफल कर दिया था। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच हॉटलाइन पर हुई बातचीत के बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनने के साथ संघर्ष समाप्त हुआ था। शहबाज शरीफ ने कहा कि थल, जल, वायु और साइबर क्षेत्रों में पाकिस्तान की सेनाओं के समन्वित जवाब ने देश की रक्षा क्षमताओं और राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत किया। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी आक्रामकता का ''तत्काल, उचित और हर स्तर पर जवाब'' दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अब ''एक जिम्मेदार राष्ट्र'' के रूप में पहचाना जाता है, जो न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि ''वैश्विक शांति और स्थिरता की गारंटी देने वाला'' भी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका–ईरान संघर्ष के दौरान मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका और हिंसा समाप्त कराने में उसके प्रयासों की दुनिया भर में सराहना की गयी है। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सुरक्षा स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा और अपनी सीमाओं पर सतर्कता बनाए रखेगा। कश्मीर का जिक्र करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि यह मुद्दा दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर एक अलग पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मारका–ए–हक' पाकिस्तान की संप्रभुता और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के सामूहिक संकल्प, राष्ट्रीय एकता और दृढ़ता का प्रतीक बना रहेगा।

## होर्मुज में तनाव चरम पर, ईरान ने दी धमकी– हमारे जहाजों को छुआ तो होगा बड़ा हमला

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने शनिवार को फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामकता क्षेत्र में अमेरिकी केंद्रों और सैन्य जहाजों पर ष्भारी



हमलाष को जन्म देगी। आईआरजीसी नौसेना कमान ने ग पर एक पोस्ट में यह चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया है कि चेतावनी! ईरान के तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामकता के परिणामस्वरूप क्षेत्र में स्थित अमेरिकी केंद्रों में से एक और दुश्मन के जहाजों पर भारी हमला होगा।

इसके बाद, आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने एक अलग पोस्ट में कहा कि उसकी मिसाइलें और ड्रोन पहले ही क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और शत्रु हमलावर जहाजों पर निशाना साध चुके हैं, और वे फायरिंग के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पोस्ट में लिखा था कि आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स की मिसाइलों और ड्रोनों ने क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और शत्रु हमलावर जहाजों पर निशाना साध लिया है। हम फायरिंग के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ये टिप्पणियां होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नौसेना और ईरानी सेना के बीच हुई गोलीबारी के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच आई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा पारगमन मार्ग है। गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों पक्षों के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी और ईरानी नौसेना बलों के बीच हुई गोलीबारी की पुष्टि की। उन्होंने दावा किया कि हमले के बावजूद तीन अमेरिकी विध्वंसक पोत रणनीतिक जलमार्ग से सफलतापूर्वक गुजर गए। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के तीन विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से ष्बहुत सफलतापूर्वकष निकल गए, हालांकि इस दौरान ईरानी बलों ने उन पर गोलीबारी की।

## राजीव श्रीवास्तव बने लायन्स क्लब अध्यक्ष

जौनपुर। राजीव श्रीवास्तव लायन्स क्लब मेन के 42वें अध्यक्ष चुने गये। चुनावी सभा संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अगले सत्र के लिए नये पदाधिकारियों का चयन सर्व सहमति से किया गया। चुनाव अधिकारी निवर्तमान अध्यक्ष संजय केडिया ने राजीव श्रीवास्तव को अध्यक्ष और रितेश गुप्ता को सचिव निर्वाचित होने की घोषणा किया। सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि मुझ पर इतना बड़ा विश्वास जताया है। यह मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। विशेषकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों को प्राथमिकता दूंगा। जिससे समाज के जरुरतमंद लोगों की मदद हो सकें। डॉ क्षितिज शर्मा जीएटी एरिया लीडर ने नव निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए बताया कि राजीव श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं उनके नेतृत्व में लायन्स क्लब जौनपुर को नई दिशा मिलेगी। डॉ अजीत कपूर , संयोजक शत्रुघ्न मौर्य व सचिव योगेश साहू ने आभार व्यक्त किया व संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया।

## पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के सीएम बनने पर शेख हसीना दं ने दी बधाई, बोलीं– रिश्ते और मजबूत होंगे

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद बांग्लादेश अवामी लीग ने भी एक पत्र साझा कर



अधिकारी को बधाई दी। पत्र में पार्टी ने कहा कि अपने संदेश में, उन्होंने पश्चिम बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। शेख हसीना ने आशा व्यक्त की कि उनके सक्षम नेतृत्व में पश्चिम बंगाल का विकास और भी तीव्र होगा और बांग्लादेश और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे मित्रता और सहयोग के संबंध और भी मजबूत होंगे।

पत्र में आगे कहा गया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और जनता के निरंतर समृद्धि और खुशहाली की भी कामना की। भाबानीपुर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी को हराने वाले शदिग्गजों के हत्यारेश सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में पहली बार भाजपा को शानदार जीत दिलाने के बाद मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक – दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशित प्रमाणिक – ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाले पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली।

सुवेंदु अधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के साथ हुआ। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की और टीएमसी के 15 साल के शासन का अंत किया। वहीं तृणमूल ने 80 सीटें जीतीं।

## डीएम के आदेश पर महिला खतौनी में दर्ज हुआ नाम

जौनपुर ।समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने एक महिला का नाम चंद मिनट में खतौनी में दर्ज करवाया ।क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की निवासी नाजमा के पति जुमराती की 30 सितम्बर 2025 को इंतकाल हुआ था ।उनके तीन पुत्र है ।सभी शादीशुदा है ।जुमराती की मौत के बाद लड़को व बहुओं द्वारा वृद्ध माँ को प्रताड़ित किया जाने लगा ।पुत्रों द्वारा पिता की जमीन का उपयोग करने लगे ।तीनो ने पुराने घरोही को बांट कर अपना अपना मकान बनाने लगे ।जुमराती के मौत के बाद उनकी जमीन के खतौनी पर पत्नी व बच्चों का नाम अभी तक दर्ज नही हुआ था ।अपने बहु व बच्चों से परेशान होकर नाजमा ................ को समाधान दिवस पर थाने पहुंच कर प्रार्थनापत्र देकर पुत्रों व बहुओ द्वारा जमीन पर कब्जा करने तथा प्रताड़ना का आरोप लगाय ।उसके प्रार्थनापत्र देते ही डीएम तथा एसएसपी कुँवर अनुपम सिंह पहुंच गए। पुलिस की टीम ने नाजमा की बहू असिरुन निशा पत्नी शाहिद आलम तथा छोटे पुत्र नसीम को थाने ले आयी। एसएसपी श्री सिंह ने परिवार के लोगो को वृद्ध माँ के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नही करने को कहा ।उन्होंने कहा अगर कोई उन्हें परेशान करेगा तो कार्यवाही होगी।

## खड़ंजे को ट्रैक्टर से जोता, गांव में तनाव

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड के बदलपुर गांव में एक व्यक्ति ने खड़ंजे को ट्रैक्टर से जोतकर खत्म कर दिया है ।जिससे गांव में काफी तनाव व्याप्त है ।प्रधान ने पुलिस को प्रार्थनाप देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग किया है ।उक्त गांव के मुख्य मार्ग से यादव बस्ती जाने के लिए लगभग 350 मीटर खड़ंजा चार दशक पूर्व लगाया गया है ।गांव के एक व्यक्ति ने खड़ंजे के बीच मे लगभग 70 मीटर जमीन अपनी बताते हुए ट्रैक्टर से जोत कर खत्म कर दिया ।गांव के काफी लोग प्रधान संजय सिंह जलालपुर थाने पर पहुंच गए ।उन्होंने गांव के एक पिता पुत्र के विरुद्ध तहरीर दिया। प्रधान संजय सिंह ने बताया कि गांव में लगभग चार दशक पहले से उक्त खड़ंजे को बनाया गया था। उसको क्षतिग्रस्त करने से सैकड़ो लोगों के आने जाने का रास्ता खत्म हो गया है।

## न्यायमूर्ति ने चौकिया धाम में पूजन अर्चन किया

जौनपुर। प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जौनपुर जिले के प्रशासनिक जज नीरज तिवारी ने जनपद आगमन पर माता शीतला चौकियां धाम में परिवार सहित मत्था टेक कर पूजन अर्चन किया और कहा कि माता शीतला चौकियां माई जगजननी है माता का दर्शन किया ।उक्त अवसर पर माता शीतला चौकियां धाम ट्रस्ट द्वारा महंत विवेकानंद विवेक महराज के नेतृत्व में न्यायमूर्ति्त का माता शीतला प्रतिमा भेट कर अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया ।उक्त अवसर पर जिला जज सुशील कुमार शशि, सीजेएम श्रीमती स्वेता यादव, जज शालिनी महंत विवेकानंद विवेक , राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया प्रबंधक अजय कुमार पंडा मंदिर अध्यक्ष विकास पंडा उप महंत सुजीत पंडा विशाल पंडा ,राजेश पंडा, एक्टर आशीष माली, सहित जिले के न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी,पुलिस अधिकारी गण सहित भारी सुरक्षा बल मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट से मिली डीआईओएस ओ.पी त्रिपाठी को बड़ी राहत

बाराबंकी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने डीआईओएस ओपी त्रिपाठी को बड़ी राहत देते हुए उनके विरुद्ध पारित 15 अप्रैल के आदेश पर रोक लगा दी है। मामला शहर के विवादित सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज में सहायक अध्यापक अभय कुमार के दोबारा कार्यभार ग्रहण से जुड़ा है। कॉलेज प्रबंधक सरदार आलोक सिंह द्वारा डीआईओएस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए दाखिल याचिका पर सिंगल बेंच ने एसटीएफ जांच, ट्रांसफर और रिकवरी के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने डबल बेंच में अपील की थी। डबल बेंच ने 7 मई को दिए आदेश में कहा कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि डीआईओएस ने विभागीय नियमों के विरुद्ध कोई कार्य किया है। न्यायालय ने माना कि अभय कुमार की कार्यमुक्ति और दोबारा कार्यभार ग्रहण में डीआईओएस द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई थी और न ही उनके पक्ष में कोई दोहरा भुगतान हुआ। प्रकरण के अनुसार प्रधानाचार्य शिवचरण गौतम ने अभय कुमार को कार्यमुक्त किया था। बाद में उन्होंने आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय, छत्तीसगढ़ में मार्च 2025 से जून 2025 तक सेवा देने के बाद 31 अगस्त 2025 को त्यागपत्र देकर 1 सितंबर 2025 को सिटी इंटर कॉलेज में पुनः कार्यभार ग्रहण किया था। मामला संज्ञान में आने पर डीआईओएस ने अभय कुमार के वेतन पर रोक लगाते हुए उच्चाधिकारियों से दिशा–निर्देश मांगे थे।

## 45 दिन से उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

बाराबंकी। बंकी नगर पंचायत स्थित अमित भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि पिछले 45 दिनों से घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे हजारों उपभोक्ता प्रभावित हैं। . एजेंसी परिसर के बाहर बड़ी संख्या में उपभोक्ता जमा हो गए। सुबह 8 बजे से ही लोग लाइन में लगे थे, लेकिन दोपहर तक गैस की गाड़ी नहीं पहुंची। इसके चलते कई उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर लिए वापस लौटना पड़ा। कुछ उपभोक्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा भी किया। उपभोक्ताओं अनिल कुमार, उमेश चंद्र, रिंकू और आशा वर्मा ने बताया कि वे पिछले 5–6 दिनों से लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें गैस नहीं मिल रही है। यहां तक कि जिन उपभोक्ताओं के पास होम डिलीवरी की सुविधा है, उन्हें भी सिलेंडर लेने के लिए लंबी लाइनों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में सबसे अधिक अनियमितताएं इसी एजेंसी पर देखी जा रही हैं। उपभोक्ताओं ने गैस की कालाबाजारी की आशंका भी जताई है। बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश गैस कनेक्शन इसी एजेंसी से जुड़े हैं, जिससे यह संकट और गहरा गया है। एजेंसी के मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि पर्याप्त गैस उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर से दुःखहरण नाथ मंदिर तक निकाली जायेगी कलश यात्रा–सीडीओ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद की अध्यक्षता में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" के अंतर्गत आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय/ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई ।बैठक में कार्यक्रम को सफल, भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए ।जनपद के विभिन्न शिव मंदिरों बाबा दुःखहरण नाथ महादेव मंदिर गोंडा शहर, बाबा बरखण्डी नाथ महादेव मंदिर करनैलगंज, बाबा बालेश्वर नाथ महादेव मंदिर वजीरगंज, महादेव शिव मंदिर मनकापुर सहित



अन्य महादेव शिव मंदिरों पर भजन कीर्तन व अन्य सांस्:तिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ।इस कार्यक्रम के अवसर पर 11 मई, 2026 दिन सोमवार को सुबह 09.00 बजे पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर मालवीय नगर गोण्डा से बाबा दुःखहरण मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी ।बैठक के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" भारतीय संस्:ति,आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें ।उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था,यातायात नियंत्रण, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए ।मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए ।उन्होंने नगर पालिका परिषद गोण्डा को साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा पर्यटन विभाग को कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार एवं सांस्:तिक गतिविधियों के समुचित संचालन के निर्देश दिए ।बैठक में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प के प्रदर्शन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जनपद की पारंपरिक कला एवं उत्पादों को भी मंच प्राप्त हो सके ।साथ ही सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार तथा जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन मजबूती पर मंथन, आपात कोष गठन का निर्णय

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की मासिक बैठक रविवार को रमपुरवा चौकी स्थित पैराडाइज ढाबा पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवाजी अवस्थी ने की। बैठक में पत्रकार हितों की सुरक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा अनुशासन बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई ।तहसील अध्यक्ष शिवाजी अवस्थी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए स्वच्छ छवि और सक्रिय पत्रकारों को यूनियन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि नए सदस्यों के लिए जिलाध्यक्ष के नाम संबोधित आवेदन पत्र, पहचान पत्र और 200 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क अनिवार्य होगा ।उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी पत्रकार साथी की समस्या आने पर यूनियन पूरी मजबूती के साथ उसके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने संगठन में एकजुटता बनाए रखने पर जोर देते हुए बैठक में नियमित उपस्थिति को आवश्यक बताया ।हासचिव संदीप त्रिवेदी ने कहा कि लगातार दो बैठकों में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों के खिलाफ




गठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्र, सह सचिव लोकनाथ त्रिवेदी और अनुराग शर्मा की अनुपस्थिति पर चिंता व्यक्त की गई ।संरक्षक . ष्णानंद पांडेय एवं अमरनाथ त्रिवेदी ने संगठन की गरिमा बनाए रखने और अनुचित गतिविधियों से दूर रहने की अपील की ।बैठक में सर्वसम्मति से "आपात कोष" गठन का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि प्रत्येक सदस्य प्रति बैठक 100 रुपये कोषाध्यक्ष कुलदीप अवस्थी के पास जमा करेगा, जिससे जरूरत पड़ने पर पत्रकार साथियों की सहायता की जा सके। सदस्यों ने तत्काल 1200 रुपये की राशि कोषाध्यक्ष को सौंपी ।कार्यक्रम में महामंत्री संजय सिंह, सचिव चंद्र प्रकाश शुक्ला, सहसचिव अरविंद पाठक, मीडिया प्रभारी राकेश मौर्य, लवकुश वर्मा, गया प्रसाद पांडेय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष शिवाजी अवस्थी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रशासन के दावे साबित हुए खोखले, गैस सिलेंडर के लिए भटकते रहे उपभोक्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय स्थित कालीस्थान इलाके में संचालित भारत गैस एजेंसी पर रविवार सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गैस सिलेंडर समय पर न मिलने से नाराज़ उपभोक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने एजेंसी के सामने बलरामपुर.तुलसीपुर मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सुबह से गैस लेने के लिए लाइन में लगे रहे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल सका। नाराज़ लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ "जिला प्रशासन मुर्दाबाद" के नारे लगाए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा ।सूचना मिलने पर थाना कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम समाप्त कराया गया ।प्रदर्शन कर रहे कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले ही गैस बुक कराई थी, इसके बावजूद अब तक सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। लोगों का कहना था कि एजेंसी द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से गैस आपूर्ति व्यवस्था सुधारने तथा उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। लगातार बढ़ रही परेशानी से आम जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

# सनसनीखेज हत्याकांड से सहमा धानेपुर क्षेत्र, आरोपी गिरतार,मौके पर सीओ पहुंचे जांच जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के धानेपुर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है ।पृथ्वी पाल ग्रांट ग्राम पंचायत के महतोडीह मजरे में एक मंदबुद्धि छोटे भाई ने अपने मंदबुद्धि व दिव्यांग बड़े भाई की हत्या कर दी ।दोनों भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 9 मई की देर रात करीब 2 बजे हुई। छोटे भाई विराट तिवारी (26) ने बड़े भाई सुमित (39) के सिर पर डंडे से वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद विराट अपने भाई के शव के पास ही सो गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है ।सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो उन्होंने सुमित तिवारी को मृत पाया ।पूछताछ करने पर विराट तिवारी ने बताया कि उसने ही डंडे से मारकर सुमित की हत्या की है ।इसके बाद परिवार ने विराट को पकड़कर धानेपुर पुलिस को सूचना दी ।धानेपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची ।पुलिस ने मृतक सुमित तिवारी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी विराट तिवारी अक्सर आने–जाने वाले लोगों पर ईंट–पत्थर फेंकता रहता था। लोग उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त मानकर नजरअंदाज कर देते थे ।मृतक सुमित तिवारी को 90 प्रतिशत आंखों से दिखाई नहीं देता था और वह दिव्यांग भी थे ।उनकी शादी 10 साल पहले इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी,लेकिन शादी के एक साल बाद ही उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी क्योंकि वह मंदबुद्धि थे। इसके बाद उनकी दोबारा शादी नहीं हुई ।पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरतार कर लिया है ।धानेपुर थाना अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि दोनों भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। आरोपी विराट तिवारी आए दिन लोगों पर ईंट–पत्थर फेंकता था। उन्होंने पुष्टि की कि विराट ने देर रात डंडे से अपने भाई के सिर पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद वह अपने भाई के शव के पास ही लेटा रहा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मौके पर सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

## सपा सांसद आवास का भाजपा महिला मोर्चा ने किया घेराव, लगाए नारी सम्मान के नारे

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती ।भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती महिला




मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद राम शिरोमणि वर्मा के आवास पर पहुंचकर घेराव किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ललिता तिवारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी ने किया ।इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचीं महिला कार्यकर्ताओं ने नारी सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर जोरदार नारेबाजी की। महिलाओं ने "श्रावस्ती की नारी, सशक्त नारी", "नारी का सम्मान करो", "हम लोगों ने ठाना है, नारी की जिम्मेदारी निभाना है" तथा "जो हमसे टकराएगा, चूर–चूर हो जाएगा" जैसे नारे लगाए। जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सक्रिय और सम्मानजनक भागीदारी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा देशभर में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है ।वहीं जिला कार्यसमिति सदस्य अर्चना बाजपेई ने कहा कि चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि महिलाएं अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और देश के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं ।कार्यक्रम में संध्या मुखर्जी, कमलेश श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, रामा वटी समेत भाजपा महिला मोर्चा की कई कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# मौत के टावर पर चढ़ा बेटा, बोला "मां को इंसाफ दो"



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जनपद बहराइच के रिसिया थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब मां की मौत से आहत एक युवक न्याय की मांग को लेकर हाईटेंशन बिजली टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ता देख इलाके में अफरा–तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि युवक लगातार चीख–चीखकर "मां को इंसाफ दो" की मांग करता रहा। हालात इतने खतरनाक थे कि टावर के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन कभी भी बड़ा हादसा करा सकती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक कुछ और ऊपर चढ़ जाता तो बड़ा कांड हो सकता था। घंटों तक पुलिस प्रशासन और ग्रामीण युवक को समझाने में जुटे रहे। नीचे खड़े लोगों की सांसें अटकी रहीं और हर कोई युवक के सुरक्षित नीचे उतरने की दुआ करता दिखा। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। इलाके में इस घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं जारी हैं।

## मैजिक बाइक के टक्कर में दो घायल जिला अस्पताल रेफर


दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।रायपुर थाना क्षेत्र के रावर्स्ट्रगंज खलियारी मार्ग पर एक सड़क पर गिरें अधेड़ को बचाने के चक्कर में मैजिक और बाइक के आमने–सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गए जहां एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र के रावर्स्ट्रगंज खलियारी मार्ग पर तेलाड़ी बाजार में शनिवार के देर रात एक अधेड़ पैदल सड़क पार करते समय सड़क पर ही बिचो बिच गिर गया उसको बचाने के चक्कर में विपरीत दिशा से आ रहे मैजिक और बाइक कि जोरदार टक्कर हों गयी जिससे हड़कंप मच गया और बाइक पर सवार मंगलेश पुत्र सुभाष उम्र 22 वर्ष निवासी मानपुर, राहुल पुत्र विनोद उम्र 21 वर्ष निवासी बिच्छी रावर्स्ट्रगंज कोतवाली क्षेत्र घायल हो गए आस पास के लोगों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वैनी लें जाया गया जहां गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं सुचना पर पहुची रायपुर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई किया।

# सोनभद्र में "ड्रिंक एंड ड्राइव" के खिलाफ चला अभियान, 3 ट्रक सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 09 मई 2026 को लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा के पास "ड्रिंक एंड ड्राइव" के विरुद्ध दो दिवसीय सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डॉ. चारू द्विवेदी ने किया।अभियान के दौरान यातायात निरीक्षक, यातायात उपनिरीक्षक तथा सीसी टीम रॉबर्ट्सगंज द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई।पुलिस ने "ड्रिंक एंड ड्राइव" में संलिप्त पाए जाने पर 3 ट्रकों को सीज किया तथा 2 वाहनों का चालान किया। वहीं प्रेशर हॉर्न के प्रयोग एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर 30 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन करने तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक भी किया गया। सोनभद्र पुलिस ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



# आरोग्य मेले में 38 मरीजों का हुआ उपचार, पीएचसी खलियारी पर वितरित की गई दवा



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगवां ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 38 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा वितरित की गई। मेले में बुखार, खांसी और शुगर से संबंधित मरीजों का उपचार किया गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेले में आए सभी मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं।गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि कुल 11 गर्भवती महिलाओं का वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन और एचआईवी जांच की गई। महिलाओं को आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड की दवाएं भी दी गईं। उन्होंने बताया कि केंद्र पर दो महिलाओं की डिलीवरी भी कराई गई।लैब टेक्नीशियन पवन कुमार ने बताया कि 10 मरीजों की जांच की गई, जिसमें हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड और शुगर की जांच शामिल रही। जांच में कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं पाया गया।मेले में सीएचओ सुनीता यादव सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श दिया। आरोग्य मेले में खलियारी, पंडरी, रायपुर, सुअरसोत, तेनूडाही, कजियारी, माची और दरमा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में सोनभद्र पुलिस का शानदार प्रदर्शन, प्रदेश में मिला चौथा स्थान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरतारी, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ करने तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।जनपद पुलिस की इसी सक्रिय एवं प्रभावी कार्यशैली का परिणाम है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की "डिस्ट्रिक्ट लैगशिप– लॉ एंड ऑर्डर" रैंकिंग में माह अप्रैल 2026 में सोनभद्र पुलिस ने प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग में जनपद को 10 में से 8.14 अंक प्राप्त हुए, जो 81.40 प्रतिशत प्रदर्शन को दर्शाता है।यह उपलब्धि जनपद पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और टीमवर्क का परिणाम मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समय–समय पर कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराधों पर अंकुश लगाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाते रहे हैं, जिसका सकारात्मक असर अब दिखाई दे रहा है।सोनभद्र पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाए रखने तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में लगातार सुधार के लिए प्रयास जारी रहेंगे। जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षा, सेवा और विश्वास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जनपद के शिव मंदिरों में होगा विशेष आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।जिला पर्यटन अधिकारी राजेश भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 मई 2026को जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मंदिर परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ–सफाई अभियान भी चलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु विकासखंड, तहसील एवं जिला स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। संबंधित अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनपद के विभिन्न मंदिरों में स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता से धार्मिक एवं सांस्.तिक वातावरण निर्मित होगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

# दो ट्रको की भिड़ंत में घंटों कई घंटे मुख्य मार्ग रहा वन वे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।डाला चौकी क्षेत्र अंतर्गत शीतला मंदिर के सामने खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही ट्रक की जोरदार टक्कर होने से वाराणसी शक्तिनगर मार्ग जाम हो गया सूचना मिलते ही मौके पर



पहुंची पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग को वन–वे कर दिया गया लगभग पांच घंटे बाद दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया।रविवार की अल सुबह करीब साढ़े चार बजे शीतला मंदिर के सामने सड़क किनारे सीमेंट लादकर खड़ी ट्रक में टांडा से विंढमगंज ईंट लोड कर जा रहे तेज रतार ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बच गया टक्कर इतनी जबरदस्त थी सीमेंट लादकर खड़ी ट्रक लगभग पचास मीटर आगे बढ़ गई मार्ग जाम हो गया मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद बारी सेवा सदन से लेकर इंडियन बैंक के सामने तक मार्ग को वन–वे कर यातायात सुचारू रूप से बहाल कराया गया। अंबेडकर नगर निवासी ट्रक चालक ने बताया कि नींद लग जाने से वाहन अनियंत्रित होकर टकरा गया।इस संबंध में चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी ने बताया कि दो ट्रकों की टक्कर में क्षतिग्रस्त ट्रक को किनारे कराकर यातायात बहाल करा दिया गया है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।म्योरपुर थाना क्षेत्र के करहिया ग्राम पंचायत में शनिवार की शाम लगभग 8 बजे बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन जोड़ने चढ़े युवक की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। अधेड़ की पहचान 40 वर्षीय रामधनी पुत्र बासदेव निवासी करहिया के रूप में हुई। ग्रामप्रधान जगनरायण के अनुसार करहिया निवासी रामधनी शनिवार की शाम करीब छह बजे घर के पास स्थित विद्युत पोल पर चढ़कर अपने घर का विद्युत कनेक्शन जोड़ रहा था।जिस समय युवक पोल पर चढ़ा उस समय विद्युत आपूर्ति बंद थी।तार जोड़ने के दौरान अचानक विद्युत आपूर्ति चालू हो गया जिसकी चपेट में आकर अधेड़ पोल से नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। परिजनों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० धर्मराज मौर्या ने जांच के बाद मृत लाया घोषित कर दिया। मेमो के माध्यम से मिली सूचना पर अस्पताल पहुंची म्योरपुर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रखवा दिया।मृतक के पिता बासदेव ने बताया कि आंधी–पानी के कारण उनके घर की बिजली सप्लाई 15 दिनों से बंद थी।उसे बनाने के लिए वह पोल पर चढ़ा था अचानक लाइट आ गयी जिसकी चपेट में आकर वह नीचे गिर पड़ा। बताया कि युवक गांव में शादी के कार्यक्रम में टेंट लगाने का काम करता था।उसकी ढाई वर्ष की एक छोटी बच्ची भी है जिसके सिर से पिता का साया उठ गया।

# पुरानी रंजिश में मेहंदीगंज में युवक को मारी गोली, आरोपी वैभव बाजपेई गिरफ्तार, घर में घुसकर धमकी और जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

लखनऊ। राजधानी के बाजारखाला थाना क्षेत्र स्थित मेहंदीगंज में पुरानी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। देर रात एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सूचना मिलते ही बाजारखाला पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पुरानी दुश्मनी के चलते फायरिंग करने की बात स्वीकार की है। मामले में एससीध्एसटी एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, 09 मई 2026 की रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि मेहंदीगंज इलाके में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बाजारखाला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जांच के दौरान हमले में वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई की संलिप्तता सामने आई।घटना में घायल की पहचान श्याम चेतन तिवारी पुत्र सुरेश चन्द्र तिवारी निवासी मेहंदीगंज, थाना बाजारखाला के रूप में हुई। चेतन तिवारी को गंभीर हालत में तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।घायल की पत्नी मानसी तिवारी उर्फ श्वेता ने थाना बाजारखाला में तहरीर देकर मोहल्ले के रहने वाले वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई, हर्षित बाजपेई तथा अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। तहरीर में कहा गया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, घर में घुसकर धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित दबिश देकर आरोपी वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई को 10 मई 2026 को थाना बाजारखाला गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मेहंदीगंज का निवासी है और अपने पिता के साथ ठेकेदारी के कार्य में सहयोग करता है। उसके पिता नगर निगम में ठेकेदारी का काम करते हैं।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके परिवार और चेतन तिवारी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने 09 मई की रात चेतन तिवारी को जान से मारने की नीयत से गोली मारी। आरोपी ने यह भी बताया कि घटना के दौरान एक अन्य व्यक्ति ने घायल को बचाने का प्रयास किया, जिस पर उसने फायरिंग की, हालांकि वह बाल–बाल बच गया।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा भी बरामद कर लिया है। साथ ही अन्य नामजद और वांछित आरोपियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मामले में थाना बाजारखाला पर मुकदमा संख्या 91ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ एससीध्एसटी एक्ट के प्रावधानों में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट, धमकी, गुंडा नियंत्रण अधिनियम तथा अन्य आपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है और घटना से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है। बाजारखाला पुलिस के साथ चौकी, बीट पुलिस एवं अन्य पुलिस बल इस मामले की जांच और कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

# जनगणना–जनतंत्र का आधार, डीएवी पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारत की जनगणना 2026 को लेकर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रैली की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार के संबोधन से हुई।प्राचार्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के हाथों में शक्ति होती है और जनगणना जनतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि लोकशाही जनशक्ति पर आधारित शासन व्यवस्था है, इसलिए जनगणना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एनसीसी को विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, साहस, राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की भावना विकसित करने वाला संगठन बताया।सीटीओ एस पी तिवारी के निर्देशन में एनसीसी यूनिफॉर्म में सजे कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में अनुशासित रैली निकाली। रैली के दौरान "हमारी जनगणना–हमारा भविष्य", "जन सहभागिता है बहुत जरूरी, भारत की जनगणना हो पूरी" तथा "जनगणना–जनतंत्र का आधार" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।जेडी कैडेट अथर्व प्रताप सिंह एवं जेडब्ल्यू कैडेट्स खुशबू, पल्लवी सिंह, तन्वी तिवारी, जान्हवी गुप्ता, प्रीति कुमारी, आदित्य चौधरी, ध्रुव वत्स और अभय मिश्रा के नेतृत्व में निकली इस रैली से पूरा वातावरण देशभक्ति और जनजागरूकता के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं



सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण' के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य.पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच–बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को .ष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एंव ओटीपी साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

# श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल चुनाव सम्पन्न, पिन्टू गुप्ता अध्यक्ष और अखिलेश यादव वरिष्ठ महामंत्री निर्वाचित

लखनऊ । श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल के चुनाव रविवार को उत्साह, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गए। सुबह 10 बजे से शुरू हुए मतदान में व्यापारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन के नए नेतृत्व के चयन में सक्रिय भागीदारी निभाई। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए, जिसमें अध्यक्ष पद पर पिन्टू गुप्ता और वरिष्ठ महामंत्री पद पर अखिलेश यादव विजयी घोषित किए गए।व्यापार मण्डल चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पिन्टू गुप्ता और सुजीत कुमार गौतम के बीच सीधा मुकाबला हुआ। मतगणना के बाद पिन्टू गुप्ता ने 304 मतों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वहीं वरिष्ठ महामंत्री पद के चुनाव में अखिलेश यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी रविन्द्र शर्मा को 314 मतों से पराजित कर विजय हासिल की।चुनाव अधिकारी रासिद अली एवं रामशंकर राजपूत ने बताया कि चुनाव को लेकर व्यापारियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान व्यापारियों ने लोकतांत्रिक परंपरा का सम्मान करते हुए बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।नामांकन पत्रों की जांच के बाद कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन भी घोषित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार, राजू शुक्ला और शिव कुमार यादव निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक जय गुप्ता, विमर्श गुप्ता और राजकुमार रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर रवीश, मंत्री पद पर प्रियांशु गुप्ता तथा संगठन मंत्री पद पर अर्नव तिवारी को निर्विरोध चुना गया। इसके अतिरिक्त राजेंद्र रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।परिणाम घोषित करते हुए लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापार मण्डल का चुनाव आपसी भाईचारे, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी व्यापारी एक परिवार की तरह हैं और सभी को साथ लेकर व्यापार मण्डल को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।महामंत्री उमेश शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया की तैयारी लगभग तीन माह पूर्व ही शुरू कर दी गई थी। सदस्यता अभियान चलाने के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

# बीमार महिला की मौत से परिजन दुखी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।कोन थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव के प्रजापति बस्ती की एक चालीस वर्षीय महिला की बीमारी से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नौडीहा गांव के प्रजापति बस्ती निवासी गुप्तेश्वर चेरो की पत्नी चालीस वर्षीय लालती देवी बीमार चल रही थी उनके पैरों में झुनझुनाहट की शिकायत थी जिसका इलाज क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में चल रहा था उसी बीच शनिवार/रविवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे उनकी मौत हो गई जिसके बाद से परिजनों में अफरा तफरी मच गई परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। वही घटना की जानकारी होते ही रविवार की सुबह मौके पर पुलिस भी पहुंची जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# शाहिद कपूर की कॉमेडी फिल्म तैयार, पहली बार जाह्ववी कपूर के साथ करेंगे रोमांस



बॉलीवुड गलियारों से एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दरअसल, शाहिद कपूर को अब अपनी अगली फिल्म के लिए नई हीरोइन मिल गई है। चर्चा है कि बधाई हो जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले निर्देशन अमित शर्मा ने अपनी अगली बड़े बजट की फिल्म के लिए जाह्वी कपूर से संपर्क किया है। पर्दे पर पहली बार शाहिद और जाह्वी की जोड़ी देखने को मिलेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में शाहिद के अपोजिट लीड रोल निभाने के लिए जाह्वी से बातचीत अंतिम चरण में है। बधाई हो और मैदान जैसी फिल्में देने वाले निर्देशक अमित शर्मा इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। ये एक रिलेशनशिप कॉमेडी फिल्म होगी, जो प्यार और रिश्तों पर आज के युवाओं के नजरिए को एक नए और मजेदार अंदाज में पेश करेगी। अगर बात बन गई ये पहला मौका होगा, जब शाहिद और जाह्वी की केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस फिल्म की कहानी एक बहुत ही मजेदार और आम लोगों से जुड़ी प्रेम कहानी के इर्द–गिर्द घूमती है। ये पूरी तरह से एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म होगी। शाहिद भी काफी समय बाद इस तरह के मजेदार विषय पर लौट रहे हैं और वो इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। गंभीर भूमिकाएं निभाने के बाद दर्शकों को एक बार फिर पर्दे पर शाहिद का वही पुराना मजाकिया और बेमिसाल अंदाज देखने को मिलेगा। अमित शर्मा अपनी कहानियों में कॉमेडी और भावनाओं का बेहतरीन तालमेल बिठाने में माहिर हैं। यही वजह है कि शाहिद–जाह्वी की इस नई जोड़ी को लेकर काफी उम्मीदें जताई जा रही हैं। खबरों की मानें तो ये फिल्म अक्टूबर 2026 में शुरू हो सकती है। शाहिद फिलहाल राज और डीके की वेब सीरीज फर्जी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं और उसे पूरा करने के बाद ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। फिलहाल फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और इसे 2027 में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी चीजें सही बैठीं तो बॉलीवुड की ये नई जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचा देगी। उधर जाह्वी फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म पेड्डी में व्यस्त हैं, जिसमें वो दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं।

## 46 की उम्र में काम्या पंजाबी के ग्लैमरस लुक ने बढ़ाया तापमान

टीवी एक्ट्रेस काम्या पंजाबी इन दिनों अपने पति के साथ छुट्टियां एंजॉय करती नजर आ रही हैं. हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनकी पति शलभ डांग के साथ उनकी जोड़ी बहुत शानदार लग रही है. 46 साल की उम्र में भी काम्या का ये बोल्ड लुक देखकर फैंस इन



फोटोज पर अपना प्यार बरसा रहे हैं. इस तस्वीर में काम्या अपने पति शलभ डांग को प्यार से देख रही है, वहीं शलभ भी प्यार से देखते नजर आए. बीच के पास काम्या का ये मिरर फोटो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है. साथ ही वो इस लुक में बहुत ग्लैमरस लग रही हैं. बालकनी से काम्या का ये फोटो बहुत खूबसूरत है. पिंक कलर के इस ड्रेस में उनका बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस फोटो में शलभ और काम्या की जोड़ी बहुत प्यारी लग रही है. शलभ का भी डैशिंग अंदाज खूब सुर्खियां बटोर रहा है. इस फोटो में काम्या अपने करीबी दोस्त के साथ इस सुंदर नजारे को एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं. खूबसूरत लोकेशन पर उनकी ये मिरर इमेज उनके हॉलीडे को खास और यादगार बना रही है. व्हाइट शर्ट और ब्लैक शॉर्ट्स में काम्या का मस्तीभरा अंदाज सभी का ध्यान खींच रहा है. वही शलभ का ऑल ब्लैक लुक भी शानदार है.

## नहीं थम रही भूत बंगला की आंधी, 150 करोड़ पार पहुंची फिल्म की कमाई




अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का बॉक्स ऑफिस पर जलवा अभी भी बरकरार है. फिल्म 22 दिन बाद भी शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने चौथे शुक्रवार को भी धांसू कमाई की, जिसके बाद इसका टोटल कलेक्शन 150 करोड़ के पार पहुंच गया है. आपको बता दें कि फिल्म को 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और फिल्म थिएटर पर आते ही छा गई थी. वहीं, ये कोविड–19 के बाद अक्षय कुमार की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म भी बन चुकी है.

अक्षय की फिल्म भूत बंगला ने 22वें दिन यानी चौथे शुक्रवार की कमाई पैट्रियट और धुरंधर 2 से ज्यादा रही. हालांकि, राजा शिवाजी से इसकी कमाई कम रही. लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है.

– सैकनिल्क के अनुसार, भूत बंगला ने 22वें दिन 1.75 करोड़ की कमाई की, जिस पर 10. 0त्न ऑक्यूपेंसी भी दर्ज की गई है.

– फिल्म की कुल कमाई 151.75 करोड़ (इंडिया नेट कलेक्शन) तक पहुंच गई है. इसके साथ ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 233.01 करोड़ पहुंच गया है.

इसके साथ ही अगर भूत बंगला की हर हफ्ते की कमाई के बारे में बात की जाए तो सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले हफ्ते 84.40 करोड़, दूसरे हफ्ते 43.85 करोड़ और तीसरे हफ्ते 21.85 करोड़ का बिजनेस किया. भूत बंगला कोविड–19 के बाद अक्षय कुमार तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क के अनुसार, पहली सूर्यवंशी (293 करोड़), दूसरी हाउसफुल 5 (288.65 करोड़), तीसरी भूत बंगला (228 करोड़), चौथी ओएमजी 2 (221.75 करोड़) और पांचवी जॉली एलएलबी 3 (171.65 करोड़) है. बहरहाल, अगर फिल्म भूत बंगला के बारे में बात की जाए तो इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ ही वामिका गब्बी, असरानी, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार अहम रोल में हैं. फिल्म की कहानी एक महल पर आधारित है, जो अक्षय का पुश्तैनी होता है. फिल्म की कहानी इसी महल के इर्द–गिर्द घूमती है. इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है. प्रियदर्शन और अक्षय की जोड़ी ने करीब 14 साल बाद पर्दे पर वापसी की है.

## फिल्म पति पत्नी और वो 2 से जारी हुआ धमाकेदार गाना, रैपर बादशाह ने बांधा समां

आयुष्मान खुराना अपनी पत्नी और प्रेमिकाओं के साथ 15 मई को सिनेमाघरों में आ रहे हैं। जी



हां, यहां बात उनकी आगामी फिल्म पति पत्नी और वो 2 की हो रही है, जिसमें सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी हैं। इन तीनों के बीच में आयुष्मान बेचारा पति बनकर फंसे हुए हैं। खैर ट्रेलर पहले से लोगों को फिल्म देखने के लिए उत्साहित कर चुका है। अब एक धमाकेदार गाना भी आ गया है।

गाने का नाम हमने वहीं लगाया दिल है, जिसे टी–सीरीज के यूट्यूब चौनल पर स्ट्रीम किया गया है। रैपर बादशाह ने हितेन के साथ मिलकर इसे कंपोज किया है। हालांकि गाने में रैप और संगीत उन्होंने अकेले दिया है। आवाज 2 भाइयों, कृष मंडल और किशोर मंडल की है जो यूट्यूब पर वायरल गायकों में से एक हैं। इसमें उनका साथ इप्सिता ने दिया है। जोशीले संगीत वाला यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

बता दें कि पति पत्नि और वो नाम की पहली फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे ने लीड रोल निभाया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और लोगों को खूब पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद अब इसी तरह की एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। 15 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म से मेकर्स को अच्छी उम्मीदें हैं। अब देखना होगा कि क्या ये फिल्म भी कमाई के मामले में कुछ कमाल कर पाती है या नहीं। ट्रेलर रिलीज होते ही फैन्स का भी इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में इसकी कहानी की भी झलक देखने को मिल रही है। फिल्म में दमदार कॉमेडी देखने को मिलने वाली है। विजय राज जैसे कमाल के कलाकार भी इस फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग का जलवा दिखाते नजर आने वाले हैं।

## माइक्रोवेव में आसानी से बनाएं स्वादिष्ट पोहा, आसान है इसकी रेसिपी



पोहा एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है, जिसे सुबह के समय खाना पसंद किया जाता है। इसे बनाने में ज्यादा समय नहीं लगता और यह जल्दी तैयार हो जाता है। अगर आपके पास समय की कमी है, तो आप माइक्रोवेव का उपयोग करके पोहा आसानी से बना सकते हैं। आइए जानते हैं माइक्रोवेव में पोहा बनाने का तरीका, जिससे आप कुछ ही मिनटों में स्वादिष्ट पोहा तैयार कर सकते हैं।

जरूरी सामग्री

पोहा बनाने के लिए आपको पतला चावल, प्याज, हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, नमक, नींबू का रस, मूंगफली, करी पत्ता और हरा धनिया जैसी चीजों की जरूरत होगी। इसके अलावा आप अपनी पसंद की सब्जियां जैसे मटर, गाजर या शिमला मिर्च भी मिला सकते हैं। इन सामग्रियों से आप एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता बना सकते हैं, जो न केवल पेट को भरेगा बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा।

पोहा भिगोएं

माइक्रोवेव में पोहा बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को पानी में भिगो दें। इसके लिए एक बड़े बर्तन में पोहे डालकर उस पर पानी डालें और उन्हें 5–10 मिनट तक भिगोने दें। इससे पोहे नरम हो जाएंगे और पकाने में आसानी होगी। ध्यान रखें कि पोहे को ज्यादा देर तक पानी में न रखें, क्योंकि इससे वे चिपचिपे हो सकते हैं और स्वाद खराब हो सकता है।

प्याज और मसाले भूनें

अब माइक्रोवेव के बर्तन में थोड़ा तेल डालकर उसे गर्म करें, फिर उसमें कटा हुआ प्याज डालें और उसे 1–2 मिनट तक भूनें जब तक कि वह नरम न हो जाए। इसके बाद इसमें कटी हुई हरी मिर्च और हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को 2–3 मिनट तक माइक्रोवेव में पकाएं ताकि सभी मसाले अच्छी तरह से मिल जाएं और उनकी खुशबू निकलने लगे।

पोहे मिलाएं

अब भिगोए हुए पोहे को छानकर माइक्रोवेव के बर्तन में तैयार प्याज वाले मिश्रण में डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण पर नींबू का रस निचोड़ें और ऊपर से भुनी हुई मूंगफली डालें। मूंगफली पोहे को एक कुरकुरापन देती है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। आप चाहें तो इसमें और भी सब्जियां डाल सकते हैं, जैसे मटर, गाजर या शिमला मिर्च, जिससे पोहा और भी पौष्टिक बन जाएगा।

अंतिम स्टेप

अब माइक्रोवेव को मध्यम आंच पर सेट करके उसमें तैयार पोहे को 2–3 मिनट तक गर्म करें, ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं। इसके बाद इसे एक प्लेट में निकालकर ऊपर से हरा धनिया डालकर सजाएं और गर्मागर्म परोसें। इस तरह से आप आसानी से माइक्रोवेव में स्वादिष्ट पोहा तैयार कर सकते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा है। इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ जरूर साझा करें।